दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060 ■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 105 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। सोमवार 16 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan




## टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाक पर सबसे बड़ी जीत

### 61 रन से हराया; इंडिया ने सुपर-8 में जगह बनाई

बढ़ता राजस्थान

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 32 रन बनाए। सईम अयूब ने 3 विकेट।

#### टॉस के दौरान आपस में हाथ नहीं मिलाया

टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले साल एशिया कप के दौरान पाकिस्तान के प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया था। यह फैसला पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में किया गया था।

#### धुरंधर फिल्म के रैपर हनुमानकाइंड ने परफॉर्म किया

टॉस से पहले धुरंधर फिल्म के रैपर हनुमानकाइंड ने परफॉर्म किया। ये वही सिंगर हैं, जिनके गाने पर पाकिस्तान में विवाद हो गया था। उन्होंने टाइटल ट्रैक सहित कई गाने परफॉर्म किए।

#### कुछ अहम बातें

- पिछले 6 मैच में चौथी बार अभिषेक शून्य पर आउट हुए। वह विश्व कप के अपने दो शुरुआती मैचों में शून्य पर आउट होने वाले पूर्णकालिक सदस्य देश के तीसरे बल्लेबाज हैं।
- इमरूल कायस और आशीष नेहरा भी ऐसा कर चुके हैं। कायस और नेहरा ने विश्व कप में एक भी रन नहीं बनाया है।
- 3 मैच इस विश्व कप में इस मैदान पर इससे पहले हुए हैं। तीनों मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है। इसमें पहली पारी का औसत 171 रहा है।
- इस टूर्नामेंट से पहले इस मैदान पर हुए आठ टी-20 में सभी मैच लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने जीते थे। उन मैचों में पहली पारी का औसत 127 रहा था।
- 2014 से अब तक (इस मैच से पहले) भारत-पाक 11 टी-20 मैचों में भिड़ चुकी हैं, जिसमें लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम 10 बार जीती है। सिर्फ न्यूयार्क में 2024 विश्व कप में पहले खेलते हुए भारत जीता था।
- 06 पाकिस्तानी स्पिनरों ने इस पारी में गेंदबाजी की। विश्व कप में पहली बार किसी टीम ने ऐसा किया। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में ऐसा सिर्फ दो पूर्णकालिक सदस्य देशों ने ऐसा किया है।


भारत ने बनाया सबसे बड़ा स्कोर

टी20 विश्व कप इतिहास में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा स्कोर (175) बनाया। ऐसे में पाकिस्तान को तेज शुरुआत की जरूरत थी। 176 रन चेज करने उतरी पाकिस्तान टीम को हार्दिक पांड्या ने पहले ओवर में झटका दिया। पहले ओवर की चौथी गेंद पर साहिबजादा फरहान कैच आउट हुए। रिंकू सिंह के हाथों में उनकी पारी ने दम तोड़ा। साहिबजादा फरहान ने 4 गेंदों का सामना किया और उनका खाता तक नहीं खुला।

दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने मैच पर भारत की पकड़ को और मजबूत कर दिया। स्पिनर्स के लिए उपयोगी पिच पर भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने अपने दूसरे ओवर में 2 विकेट चटकाए। दूसरी गेंद पर बुमराह ने सैम अयूब (6) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। ओवर की आखिरी गेंद पर बुमराह ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा को वापस भेज दिया। आगा ने 4 गेंदों का सामना किया और 4 रन बनाए।

लगातार विकेट गिरने के बाद भी पाकिस्तान के बल्लेबाज लप्पे मारने में लगे थे। वह पार्टनरशिप की तरफ देख ही नहीं रहे थे। विकेटकीपर उस्मान खान और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने चौथे विकेट के लिए 21 रन जोड़े। फिर अक्षर पटेल ने बाबर (5) को बोल्ड कर दिया। 6 ओवर के बाद पाकिस्तान को स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 38 रन था। टी20 विश्व कप में दूसरी बार हुआ है जब पावरप्ले के अंदर पाकिस्तान के 4 विकट गिर गए हों। इससे पहले 2014 में मीरपुर में वेस्टइंडीज के खिलाफ 13/4 पर स्कोर हुआ था।

इसके बाद उस्मान खान और शादाब खान ने पाकिस्तान की मैच में वापसी कराई। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर 71/4 था। 11वें ओवर में भारतीय उपकप्तान अक्षर पटेल ने इस उस्मान और शादाब के बीच हुई 39 रनों की साझेदारी को तोड़ दिया।

## पीएम मोदी बोले-38 देशों से अपनी शर्तों पर डील कर रहे

### कांग्रेस के समय सिर्फ बात शुरू होती थी; राजनीतिक स्थिरता से निवेशकों का भरोसा बढ़ा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आर्थिक ताकत और स्थिर नीतियों से भारत अपनी शर्तों पर समझौते कर पा रहा है। भारत 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहा है। एफटीए से टेक्सटाइल, लेदर और एमएसएमईएस को नए बाजार और ज्यादा निर्यात के मौके मिलेंगे। न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में मोदी ने कहा कि इस साल का बजट देश के विकसित भारत बनने के लक्ष्य को दिखाता है। यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया फैसला या अभी नहीं तो कभी नहीं जैसा पल नहीं, बल्कि 'हम तैयार हैं' वाला पल है। यह बजट सिर्फ 2026 का नहीं, बल्कि 21वीं सदी के दूसरे चरण की शुरुआत का बजट है। जैसे 1920 के दशक के फैसलों ने 1947 की आजादी की नींव रखी, वैसे ही आज के फैसले 2047 के विकसित भारत की नींव रखेंगे। मोदी ने यूपीए के समय के आर्थिक मिसमैनेजमेंट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूपीए राज में बातचीत शुरू होती थी और फिर टूट जाती थी। लंबी बातचीत के बावजूद कोई खास नतीजा नहीं निकला।

यह बजट सुधारों की रफ्तार बढ़ाएगा। युवाओं को बदलती दुनिया के लिए तैयार करेगा। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार इन्वेस्टमेंट और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से देश की संभावित ग्रोथ 7% तक हो सकती है। सरकार देश की डिफेंस फोर्सेज को मजबूत बनाने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगी। डिफेंस बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण सरकार की जिम्मेदारी है।

भारत को हर समय मजबूत और तैयार रहना होगा, और हम यही कर रहे हैं। सरकार अपने सैनिकों की भलाई को लेकर बहुत सेंसिटिव है।

सुधार सरकार का कमिटमेंट है, जिसे उसने पूरी तरह से दिखाया है। आर्थिक बदलाव के अगले फेज के लिए प्राइवेट सेक्टर बहुत जरूरी है। प्राइवेट सेक्टर को मार्जिन बचाने पर कम ध्यान देना चाहिए और आरएण्डडी सप्लाई चेन,



क्वालिटी में तेजी से इन्वेस्ट करना चाहिए।

विकसित भारत की अगली छलांग प्राइवेट सेक्टर द्वारा इनोवेशन, लॉन्ग-टर्म कैपेसिटी, ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस में बड़े इन्वेस्टमेंट पर निर्भर करेगी। जैसे-जैसे प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, प्राइवेट सेक्टर के मालिकों को अपने फायदे वर्कर्स के साथ सही तरीके से शेयर करने चाहिए।

## पवन खेड़ा बोले- मोदी की उम्र से ज्यादा डॉलर का रेट

### अमेरिका से डरकर ट्रेड डील की; जब राजा डरता है तो प्रजा का नुकसान होता है



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। पवन खेड़ा ने कहा- अमेरिका से ट्रेड डील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डरकर की, और जब राजा डरता है तो नुकसान प्रजा का होता है।

खेड़ा ने कहा- साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते थे कि डॉलर और मनमोहन सिंह की उम्र में मुकाबला चल रहा है, लेकिन आज डॉलर की कीमत मोदी की उम्र से ज्यादा हो गई है।

खेड़ा रविवार को अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में पहुंचे और जियारत की। खेड़ा ने मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं।

#### अमेरिका के साथ ट्रेड डील से किसानों- व्यापारियों को नुकसान


राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डरकर की है। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा किसानों और व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। खेड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि जब राजा डर जाता है तो नुकसान प्रजा को होता है।

## बांग्लादेश : 17 को रहमान का शपथ समारोह, मोदी को न्योता

### इसी दिन पीएम की फ्रांसीसी राष्ट्रपति से मुलाकात, स्पीकर ओम बिरला ढाका जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी रहेंगे। पीएम मोदी 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं, इसलिए वे ढाका नहीं जा रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह परंपरा से अलग इस बार राष्ट्रपति भवन की जगह ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में होगा।



#### शार्क सदस्य देशों को न्योता देने की तैयारी में बांग्लादेश

बांग्लादेश ज्यादातर शार्क सदस्य देशों के नेताओं को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। शार्क पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पहल पर शुरू हुआ था। जिया, तारिक के पिता थे। इसके अलावा चीन, मलेशिया, सऊदी अरब और तुर्किये जैसे मित्र देशों के प्रमुखों को भी बुलाने की तैयारी है। तारिक रहमान ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति बांग्लादेश के लोगों के हितों की रक्षा पर केंद्रित होगी और यह किसी एक देश पर आधारित नहीं होगी।

#### रहमान बोले- शार्क को फिर एक्टिव करने की कोशिश करेंगे

बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि शार्क की शुरुआत बांग्लादेश ने की थी, इसलिए वे इसे फिर से शुरू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद वे दूसरे देशों से बात करेंगे और संगठन को दोबारा एक्टिव करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि देश में कानून-व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाएगी।




## ट्रेड डील में किसानों के साथ धोखा हो रहा : राहुल

### पीएम मोदी से 5 सवाल किए; शाह बोले- राहुल झूठ फैला रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है।

उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्वीटर पर पोस्ट 5 सवाल किए-



- ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?
- अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?
- जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?
- गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?
- एक बार यह दरवाजा खुल गया तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

#### शाह बोले- राहुल ट्रेड डील पर झूठ फैला रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में राहुल पर आरोप लगाया कि वे यूके, यूएस और ईयू के साथ भारत की ट्रेड डील को लेकर झूठ फैला रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि राहुल कोई भी प्लेटफॉर्म चुन लीजिए। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रेसिडेंट भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनकी भलाई के लिए काम किया है।

## ग्रामीण क्षेत्र का सुनियोजित विकास ही प्रदेश के समग्र विकास की आधार शिला है-डॉक्टर शैलेश सिंह

### डीग-कुम्हेर विधानसभा में विकास की नई पहल ,विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने 45 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के कुम्हेर उपखंड के गांव उसरानी में रविवार को डीग – कुम्हेर के भाजपा विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने पंचायत राज विभाग की एसएफसी निधि से स्वीकृत 45 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिंह ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उसरानी में निर्मित सुरक्षा दीवार, कूप घाट निर्माण कार्य, मंदिर वाली पोखर पर सुरक्षा दीवार निर्माण, शमशान विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य सहित गांव में स्वीकृत अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने भंवरसिंह के खेत में साफ-सफाई कार्य, खुरकुटा वाली कुईया बरताई, हमीदिया थोक बरताई एवं रोहनसिंह वाला कुआं उसरानी में कूप घाट निर्माण एवं साफ-सफाई कार्यों का भी लोकार्पण किया । विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का सुनियोजित विकास ही प्रदेश के समग्र विकास की आधारशिला है। हमारी प्राथमिकता अपने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वच्छता, आधारभूत संरचना और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी विकास की मुख्यधारा से पूर्ण रूप से जुड़ सकें। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि डीग-कुम्हेर विधानसभा में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी इसके लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनहित सर्वोपरि रहेगा। डॉ सिंह नेकहा कि डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। इस मौके पर प्रधान देवी सिंह, पिंटू एवं वीरेंद्र सिंह ने विधायक डॉ शैलेश सिंह का चांदी का मुकुट एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। उसरानी सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल जाटव, पिचूमर सरपंच बीरबल जाटव, डहरा सरपंच सोहनलाल जाटव तथा रुंध हेलक सरपंच प्रतिनिधि हीरालाल जाटव ने भी साफा पहनाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा कुम्हेर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, थैरावर सरपंच हरेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, दुर्गसिंह, पवन, धर्मपाल साबौरा सहित पंचायत जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर गजसिंहपुर शिवमय, सभी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन शिव मंदिर, अरोड़वंश मंदिर, श्रीराम मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, गोपाल मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर एवं चित्रकूटी धाम सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों में भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा नगर शिवमय वातावरण में सराबोर रहा। प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रीराम नाम का संकीर्तन एवं भोले बाबा के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। शिव भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन कर बिल्व पत्र, धतूरा, फल, मिष्ठान एवं चंदन अर्पित किए। भक्तों द्वारा ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की गई। परंपरा अनुसार चार प्रहर की पूजा संपन्न हुई। मंदिर परिसर में दिनभर महादेव के भजन गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूर्णत: भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की सेवा हेतु शिव भक्तों द्वारा चाय, पकौड़े एवं दाल-रोटी के लंगर लगाए गए, जिनमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सभी स्थानों पर भक्तों ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना कर महाशिवरात्रि पर्व को भक्ति और आस्था के साथ मनाया।

## एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग में आग

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह अस्पताल में रविवार दोपहर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी मरीज, परिजन या स्टाफ को कोई नुकसान नहीं हुआ। अस्पताल के इमरजेंसी भवन में बिजली के एक स्विच बोर्ड में अचानक चिंगारी भड़कने से आग लग गई। आग ने पास में रखे कुछ दस्तावेजों और उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे परिसर में धुआं फैल गया। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगना सामने आया है। हालांकि, विस्तृत जांच जारी है। वहीं कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. राशिम कटारिया ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया। इसमें जनरल सर्जरी की एचओडी डॉ. प्रभा ओम, सीनियर प्लास्टिक सर्जन डॉ. आर.के. जैन और हॉस्पिटल में मौजूद इलेक्ट्रिक के इंजीनियर को शामिल किया है, जो इस पूरे प्रकरण की जांच करके अधीक्षक को रिपोर्ट करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने से कई मरीजों की मौत हो गई थी। इस बार समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया और अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## ज्वैलर्स पर हमला कर 27 लाख रुपयों के गहनों से भरा बैग छीना

जयपुर (का.स.)। प्रताप नगर थाना इलाके में शनिवार को अज्ञात कार सवार बदमाशों ने ज्वैलर्स की कार के आगे खुद की कार लगाई और उस पर जानलेवा हमला कर 27 लाख रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। लूट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी भी कराई। लेकिन पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने बयानों के आधार पर कार सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

एसीपी (सांगानेर) हरिशंकर शर्मा ने बताया की रामनिवास सोनी श्योपुर निवासी वाटिका में गणपति ज्वैलर्स के नाम से ज्वेलरी का काम करते है। आरोप है कि शनिवार देर रात वह शॉप बंद कर कार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान प्रताप नगर में आरयूएचएस के पास अजय मार्ग पर कार सवार बदमाशों ने उनकी कार के आगे अपनी कार लगाकर उन्हें रोक लिया। कार से उतरे बदमाशों ने डंडे से हमला किया। ज्वेलर की कार के शीशे तोड़ने के साथ ही मारपीट की गई। हमला कर बदमाश कार में रखा ज्वेलरी से भरा बैग लेकर भाग निकले।

# नासिक में जली जालोर सांसद की कार, बाल-बाल बचे

### - मुम्बई से नासिक जाते समय हाईवे पर बड़ा हादसा
### - सांसद की सूझबूझ से बचा कार के गेट का लॉक सिस्टम





बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** मुम्बई से नासिक जाते समय सांसद लुम्बाराम चौधरी की कार हादसे का शिकार हो गई। हाईवे पर उनकी कार पूरी तरह जल गई। गनीमत रही कि सांसद की सूझबूझ से कार सवार सभी लोगों की जान बच गई। कार के गेट का लॉक सिस्टम ब्रेक होने से पहले ही सांसद गेट खोल चुके थे, अन्यथा वे लोग अंदर ही फंसे रह सकते थे। बताया जा रहा है कि सांसद मुम्बई से कार में नासिक स्थित त्रयम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन को जा रहे थे। शनिवार रात वे सकुशल सिरोही भी पहुंच गए। सांसद ने रविवार सुबह सिरोही के आराध्य सारणेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किए तथा खुशहाली की मन्नत मांगी। उधर, हादसे की जानकारी मिलते ही रविवार दिनभर उनसे मिलने वालों का तातां लगा रहा।

### गंध आई, धुआं उठा, फिर आग धधकी

जानकारी के अनुसार हाईवे पर चल रही कार में अचानक ही गंध आने पर सांसद ने चालक से पूछा, लेकिन वाहन लग्जरी होने से चालक को इसका आभास नहीं हुआ। महज पांच-सात मिनट में ही धुआं उठने लगा एवं वाहन की गति भी मंद होने लगी। इस पर सांसद ने तत्परता दिखाते हुए गेट खोल दिया। वाहन रूकने के साथ ही वे बाहर निकले तथा सभी को बाहर उतारा। इसके तत्काल बाद ही आग की लपटें उठने लगी तथा कार पूरी तरह खाक हो गई।

### नहीं तो कार का गेट लॉक हो जाता

कार से बाहर निकलने के बाद धुआं दिखने पर चालक ने कार का बोनट खोलने का प्रयास किया, लेकिन लॉक नहीं खुला। कार के अन्य सिस्टम भी फेल हो गए थे। माना जा रहा है कि आग लगने से मैकेनिज्म लॉक हो गया, लेकिन कार की गति मंद होते-होते ही सांसद अपनी ओर का गेट खोल चुके थे, संभवतया इसीलिए गेट का लॉक सिस्टम ब्रेक नहीं हो पाया। सांसद ने तत्परता नहीं दिखाई होती तो शायद कार रूकते ही गेट भी लॉक हो जाता।

# जनता को नहीं मिल रहा मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना का लाभ

### स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भाजपा पदाधिकारी के आरोप
### जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** स्वास्थ्य महकमे की बेपरवाही से जनता को मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। महकमे की कार्यशैली पर अंगुली उठाते हुए भाजपा पदाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों पर आरोप लगाए हैं। वहीं, पंचायतराज राज्यमंत्री को पत्र देकर कड़ी कार्रवाई किए जाने एवं जांच योजना की सुचारू क्रियान्विति के लिए सीएचसी स्तर पर लैब टेक्नीशियन की कमी पूरी करने की भी मांग रखी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि सिरोही जिले की अधिकतर सीएचसी व पीएचसी में सरकार की ओर से निर्धारित जांचें नहीं हो रही है। वर्तमान में लीवर, किडनी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने बायोकेमेस्ट्री जांचें मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना में शामिल कर रखी है, लेकिन जिले की एक भी सीएचसी में यह जांचें नहीं हो रही हैं। ऐसे में मरीजों को मजबूरन उपचार के लिए गुजरात जाना पड़ रहा है। उन्होंने इसके लिए सीएमएचओ समेत अन्य अधिकारियों की कार्यशैली पर भी अंगुली उठाई।

**केवल कागजों में सिमट गई योजना**-पत्र में बताया कि जिले की सभी 12 सीएचसी में बायोकेमेस्ट्री जांच का अभाव विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अधिकारियों की लापरवाही से मुख्यमंत्री निशुल्क योजना कागजों में सिमट कर रह गई है। बताया कि प्रदेश में जांच व उपचार सुविधा निशुल्क होते हुए भी हर रोज सैकड़ों मरीज उपचार के लिए गुजरात जाने एवं निजी अस्पतालों में उपचार करवाने को मजबूर है। विभागीय लापरवाही के चलते यह जांच व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी होने से मरीज परेशानी झेल रहे हैं।



### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करेंगे

जिला मीडिया प्रभारी ने राज्यमंत्री से सीएचसी में लैब टेक्नीशियन की कमी को पूरा किए जाने एवं जांच की खराब मशीनों की मरम्मत या नई लगाई जाने की मांग रखी। साथ ही बताया कि चिकित्सा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के कारण भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो रही है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस पर राज्यमंत्री देवासी ने भरोसा दिलाया कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ सख्त एक्शन का लिया जाएगा।

## जिप्सी जोधाणा रेस्टोरेंट एण्ड थाल का हुआ भव्य शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पारस सर्किल रिलायन्स मॉल के सामनें रविवार को जिप्सी जोधाणा रेस्टोरेंट एण्ड थाल का आज केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शोखावत ने फीता काटकर इसका भव्य शुभारम्भ किया। उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य उद्घाटनकर्ता के रूप में उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष प्रतिष्ठा प्रदान की।

इस अवसर पर महावीर चपलोत एवं सवाई सिंह ने उन्हें मेवाड़ी पाग पहनाकर राजस्थानी परम्परानुसार आत्मीय स्वागत किया। समारोह में अति विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, विशिठ अतिथि के रूप में मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ एवं राज्य के केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी,सांसद मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन,ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

जिप्सी जोधाणा के बनवीरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस पूर्णतया शाकाहरी रेस्टोरेंट में मेवाड़-मारवाड़ के शुद्ध एवं सात्विक व्यंजन परोसे जायेंगें। रेस्टोरेंट के पार्टनर महावीर चपलोत ने बताया कि श्रीजी लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ का बनवीरसिंह राजपुरोहित एंव ओ.पी.चपलोत ने मेवाड़ी पाग पहनाकर एवं तलवार भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर राष्ट्र संत रामलला सरकार, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट ओ.पी.चपलोत, चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी,शहर विधायक ताराचंद जैन,ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़,भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली,इन्दिरा आईवीएफ के डॉ. अजय मुर्डिया, पुनीत तलेसरा, कोमल कोठारी, प्रताप गौरव केन्द्र के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, प्रताप गौरव केन्द्र के अनुराग सक्सेना, भाजपा नेता अतुल चंडालिया, आर. के. जैन, यशवंत आंचलिया, दुर्गा सिंह राठौड़, विश्वविजय जहडोल, पारस ढेलावत, अरुण मांडोत, भाजपा नेता प्रमोद सामर, पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी, प्रकाश अग्रवाल,सहित शहर के जाने मानें उद्यमी, भाजपा नेता, एवं होटल व्यवसाय से जुड़े लोग शामिल थे। प्रारम्भ में केन्द्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत मनय चपलोत ने किया। कार्यक्रम में पारंपरिक मेवाड़ी आतिथ्य, सांस्कृतिक गरिमा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण का विशेष संगम देखने को मिला।

## 2.58 करोड़ के कॉपर चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** पुलिस थाना प्रागपुरा ने करीब 2 करोड़ 58 लाख 12 हजार 500 रुपये मूल्य के कॉपर चोरी प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मालीराम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी थाना प्रागपुरा का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि प्रकरण संख्या 06/26 की गंभीरता को देखते हुए एएसपी नाजीम अली खान के सुपरविजन तथा डीएसपी उमेश निठारवाल के निर्देशन में प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने जानकारी देते हुए बताया की परिवादी राजेश सिंह ने रिपोर्ट दी कि 1 जनवरी 2026 को महेसाणा (गुजरात) से भिवाड़ी के लिए 2.58 करोड़ रुपये मूल्य का कॉपर ट्रक में भरकर रवाना किया गया था। 3 जनवरी की रात शाहजहांपुर और बलडोद टोल के मैसेज मिलने के बाद चालक से संपर्क टूट गया। 4 जनवरी को ट्रक प्रागपुरा स्थित ममता होटल के पास खाली मिला। होटल गार्ड के अनुसार चालक एक सफेद कार में बैठकर चला गया। मामला दर्ज कर पुलिस ने करीब 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी जांच के आधार पर घटना का खुलासा किया। चोरी गया कॉपर तथा घटना में प्रयुक्त कंटेनर व ट्रक पूर्व में ही बरामद किए जा चुके हैं। इस मामले में इरफान पुत्र साजिद अली, रिंकु बागड़ी पुत्र श्रीपाल बागड़ी और मिंटू उर्फ सुखबीर पुत्र रामेश्वर गुर्जर को गिरफ्तार कर पहले हि न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।



अब फरार चल रहे मुख्य आरोपी मालीराम यादव पुत्र घीसाराम निवासी प्रेमनगर, थाना प्रागपुरा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी भजनाराम ने बताया कि मामले में अन्य पहलुओं की जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

## सहजीपुरा में 21 दिवसीय 'जल धारा' अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज, सजेगी भजनों की महफिल, कल होगा विशाल भंडारा

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिले की ग्राम पंचायत सहजीपुरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर उदासीन आश्रम निर्मलदास जी महाराज का डेरा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आध्यात्मिक उत्साह चरम पर है। आश्रम में बीते 27 जनवरी से जारी विशेष धार्मिक अनुष्ठान के तहत महंत श्री सतनाम दास जी महाराज की कठिन 21 दिवसीय 'जल धारा' साधना का सोमवार को समापन होने जा रहा है.शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में रविवार रात्रि को आश्रम परिसर में एक विशाल भजन जागरण का आयोजन किया गया है। इसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है, जिसके लिए आश्रम प्रबंधन और ग्रामीणों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।



**महंत की कठिन साधना और संदेश**-कड़कड़ाती ठंड के बीच निरंतर 21 दिनों से जल धारा शीतल जल के बीच बैठकर साधना कर रहे महंत श्री सतनाम दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि, 'साधना का मूल उद्देश्य विश्व शांति और जनकल्याण है। भगवान शिव की भक्ति ही जीव को विकारों से मुक्त कर सत्य के मार्ग पर ले जाती है।' अनुष्ठान की पूर्णता पर 16 फरवरी, सोमवार को आश्रम में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें सहजीपुरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण प्रसाद ग्रहण करेंगे। आश्रम के सेवादारों ने बताया कि सोमवार सुबह हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर शुरू होगा।

## महाशिवरात्रि पर पावटा-प्रागपुरा हुआ शिवमय

### भव्य झांकी, जयघोष और मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** नगर पालिका पावटा प्रागपुरा सहित आसपास के क्षेत्र में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और पूरा क्षेत्र शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। भक्तों ने व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, दूध, दही, बेलपत्र, आक, धतूरा, पुष्प, बेर व गाजर अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में 'ओम नम: शिवाय', 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे। प्रागपुरा कस्बे में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी भी निकाली गई। झांकी का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम स्थित मोक्षधाम से महाकालेश्वर महादेव मंदिर से हुआ। प्रात: करीब 11 बजे डीजे की भक्तिमय धुनों के साथ झांकी मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। श्रद्धालु हाथों में ध्वज-पताका लिए नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे और आतिशबाजी कर उत्सव की खुशियां मनाई। वहीं प्रागपुरा के बाबा रामदेव मंदिर स्थित शिव मंदिर में देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गोपीनाथ मंदिर, नागाजी मंदिर, गोपालदास मंदिर और नृसिंह मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव को गाजर के हलवे का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। इसी प्रकार पावटा में बाबा भूतनाथ मंदिर जोड़ा धाम से बाबा भोले नाथ की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। आडे गैला हनुमान मंदिर, बाबा भूतनाथ मंदिर, श्याम मंदिर, रानी सती माता मंदिर और मोदी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष सजावट, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित हुए। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरा पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र शिवमय वातावरण में डूबा रहा।

## लक्खी मेले में सेवा की मिसाल

## श्री श्याम युवा मित्र मंडल का सातवां शिविर 21 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** बाबा श्याम के लक्खी मेले को लेकर जहां एक ओर श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह है, वहीं सेवा भाव



की मिसाल पेश करते हुए श्री श्याम युवा मित्र मंडल, रायकरणपुरा द्वारा 21 फरवरी 2026 को सातवां सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर रेलवे स्टेशन भगेगा नीमकाथाना के निकट लगाया जाएगा, जहां खाटू धाम की ओर प्रस्थान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंडल के पदाधिकारियों के अनुसार शिविर में श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन एवं स्नान की समुचित व्यवस्था रहेगी। महिलाओं के लिए अलग से सुरक्षित व सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच व प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। सेवा शिविर में प्रतिदिन प्रात:काल और संध्या काल आरती के साथ भजनों का गुणगान होगा, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय रहेगा। कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र सहित आसपास के अनेक श्रद्धालु भी इसमें सहभागी बनेंगे।

लक्खी मेले की तैयारियों के बीच मंडल के सदस्य समर्पित भाव से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। आयोजकों का कहना है कि सेवा ही सच्ची भक्ति है और इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है।

## श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपूतली ट्रस्ट की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपूतली ट्रस्ट की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी श्री खाटू श्याम जी मेले की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंडल की अखंड ज्योति पदयात्रा 22 फरवरी को प्रात: 09 बजे श्री श्याम मंदिर से खाटू धाम के लिये रवाना होगी। यात्रा को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना श्री श्याम ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खाटू स्थित कोटपूतली मंडल की धर्मशाला में प्रवेश हेतु आधार कार्ड अनिवार्य रहेगा। इस दौरान रमेश जिंदल,मनोज दीवान, महेश गुप्ता, राजू सैनी, हीरालाल सैनी, ख्यालीराम सैनी, जगदीश तिलकधारी, सुभाष सैनी,भीम सैनी,अरविंद सैनी समेत अन्य मौजूद रहें।

## महाशिवरात्रि पर्व पर हुए अनेक धार्मिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** ग्राम पंचायत आभावास में रविवार को शिवालयों



एवं शिव मंदिरों में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। शनिवार रात को में बाजार में स्थित आशुतोष महादेव आभावास मंदिर में जागरण किया गया। रविवार को भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना की गई। शिव की पूजा के लिए मुख्य रूप से कच्चा दूध, दही, शहद, सुपारी,चावल, रक्षा सूत्र, बेल पत्र, पुष्प,बेर, धतूरा सहित अन्य सामग्री साथ पूजा अर्चना की गई।इस दिन पुरुष महिलाएं बच्चे आदि उपवास रखते हैं और अपने परिवार की सुख सुख समृद्धि व कामना की मनोकामना शिवजी से मांगते हैं एवं नव विवाहित जोड़ों ने भी भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई।

## राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर सबके कल्याण की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को महाशिवरात्रि पर प्रज्ञा प्रवाह एवं युवा साथी संगठन द्वारा आयोजित 'शिवोऽहम्' कार्यक्रम में भगवान शिव को स्मरण करते हुए सभी के मंगल की प्रार्थना की। राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान भगवान शिव का अभिषेक करते हुए उनकी विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने बाद में कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव का पावन पर्व है। शिव कल्याण और मंगल से जुड़े हैं। उनका स्मरण ही हमें सर्व कल्याण और शुभ के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने भगवान शिव से राष्ट्र की समृद्धि और संपन्नता के साथ सबकी खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि को भगवान शिव की साधना से जुड़ा पर्व बताते हुए कहा कि यह ध्यान, समर्पण और आंतरिक जागृति से जुड़ी हमारी संस्कृति का पावन उत्सव है। उन्होंने कहा कि शिव की अर्चना का अर्थ है, सबके कल्याण की कामना।

## जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार 4 हजार 330 रूपए जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सदर थाना पुलिस ने ताश पत्तो पर जुआ खेलते 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जिनसे 4 हजार 330 रूपए जब्त किए है। सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में जुआ खेलने के आरोपियों की धरपकड़ को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान जुआ खेलते हुए राजेश लुहार नवासी पलाई थाना उनियारा, जीतराम गुर्जर निवासी मंजुकडा थाना सदर निवाई, राकेश यादव निवासी कनेसर थाना निवाई सदर को गिरफ्तार किया है।

---

माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 'विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# खनिज उद्योग के विकास के साथ खनन श्रमिकों की दशाओं में सुधार के लिए भी कार्य हो-राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि खनिज उद्योग के समग्र विकास के साथ सुरक्षित खनन और पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना सबका साथ सबका विकास से ही संभव है। इस आलोक में खनिज उद्योग में कार्यरत श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ उनके बीमा और अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। उन्होंने खनन उद्योग से देश की आर्थिक समृद्धि के लिए प्रभावी रणनीतियों के तहत कार्य किए जाने का भी आह्वान किया। श्री बागडे रविवार को एक निजी होटल में माइनिंग




इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित 'विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने खनिज उद्योग में पारंपरिक भारतीय प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक तकनीक से सुरक्षित खनन के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए सुनियोजित रूप में कार्य किया जा रहा है। भारत डिजिटल तकनीक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सामाजिक सुधार और गरीबी उन्मूलन के अंतर्गत देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की सुविधा केंद्र सरकार दे रहीं है। गरीबी रेखा से 25 करोड़ लोग ऊपर आ गए हैं। केंद्र सरकार जिस तरह से प्रयास कर रही है, उससे सभी क्षेत्रों में लोगों के विकास की राह बनी है। राज्यपाल ने माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा खनिज उद्योग के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गौपालन में तो बहुत काम हो रहा है परंतु पता नहीं क्यों नंदी की उपेक्षा है। उन्होंने महाशिवरात्रि पर नंदी संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया।

## गायत्री प्रज्ञापीठ के जीर्णोद्धार की समीक्षा में ट्रस्ट द्वारा बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** शहर की राधा बाग कॉलोनी में स्थित गायत्री विद्यापीठ संस्थान पर गायत्री परिवार ट्रस्ट चौमू के कार्यकारिणी ट्रस्टी सदस्यों द्वारा बैठक का आयोजन आयोजन किया गया। रविवारीय गायत्री यज्ञ के पश्चात गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। प्रज्ञा पीठ परिसर में हो रहे भवन निर्माण की समीक्षा हेतु विशेष चर्चा की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष विनेश कुमार अग्रवाल ने भवन निर्माण के आगे की रूपरेखा प्रकट की। ट्रस्ट सचिव ने राजकुमार शर्मा ने अब तक हुए भवन निर्माण का हिसाब किताब सदस्यों के समक्ष रखा। आगे बताया कि बहुत जल्द ही एक सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रहा है जिसमें आगे चलकर भारतीय संस्कृति से जुड़ी सभी कार्यक्रम एवं गतिविधियों का केंद्र बनेगा। जिसका उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार रहेगा। साथ ही उपाध्यक्ष एड. जितेंद्र सिंह बीजावत ने बताया कि जीर्णोधार के कार्य में



किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग ही नही अपितु हर एक धर्मप्रेमी एवं सज्जन का सहयोग और अनुदान होना चाहिए ताकि सभी की भावनाएं जुड़ सकें। जो भी परिजन इस पावन कार्य में अपना अनुदान देना चाहता है तो उस भामाशाह का स्वागत है। साथ ही गोष्टी में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई । बता दे कि वर्तमान में जीर्णोधार का कार्य प्रगति पर है। बैठक के दौरान रामधन टाक,सावरमल अग्रवाल ,दिनेश खेमावाला, रामबाबू सैन, उमराव यादव, कालूराम कटारिया,सुरेश विजय, रामवतार महाजन,हरीश कुमावत, मदनलाल विजय, सोहनलाल कुमावत, परिव्राजक दयाराम राजपाल, कार्यकर्ता रमेश राजपाल सहित आदि परिजन उपस्थित रहे।

## बेटी के जन्मदिन पर रक्तदान कर पेश की मानवता की मिसाल



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के ढाणी उपली कोठी निवासी विनोद सैनी पुत्र रोहिताश सैनी विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष) ने अपनी पुत्री आइशा के जन्मदिन को बेहद खास और सेवाभावी तरीके से मनाकर समाज के सामने एक नई प्रेरणा पेश की है।रक्तदान से दिया जीवनदान का संदेशइस सुखद अवसर पर विनोद सैनी ने राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पहुँचकर रक्तदान किया। उन्होंने इस नेक कार्य के जरिए संदेश दिया कि हमारे रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकती है। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील की कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत खुशी के मौकों कोसामाजिक सरोकार से जोडक़र मनाना चाहिए, ताकि समाज का भला हो सके।गौसेवा के लिए बढ़ाया मदद का हाथ रक्तदान के साथ-साथ सैनी ने जीव दया का संकल्प दोहराते हुए गौशाला में 1100 रुपये की नकद राशि दान कर पुण्य अर्जित किया।इस पुनीत कार्य के दौरानसुरेशचंदसैनी,मुकेश कुमार,बिल्लूरामसैनी (पत्रकार) संजयसैनी,रामकिशनसैनी,विक्रम ,योगेश, नरेश उपस्थित रहे।सभी लोगों ने विनोद सैनी के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की और नन्हीं आइशा को उसके उज्जवल भविष्य के लिए ढेरों आशीर्वाद व शुभकामनाएँ दीं।

## ऑनलाइन सट्टा की लत के चलते बीटेक के छात्र ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में बीटेक के छात्र ने ऑनलाइन सट्टे की लत के चलते जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद मृतक के चाचा ने चार जनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है । पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर जांच -पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया की जयसिंहपुरा स्थित नाई की थड़ी निवासी अशोक कुमार शर्मा ने मामला दर्ज कराया है कि उसके भतीजे अभिषेक उर्फ नवल शर्मा (18) ने गत दो जनवरी को सुबह करीब 10 बजे घर पर जहर खा लिया था। जिसके बाद अचानक से अभिषेक की तबीयत खराब हो गई। चक्कर खाकर जमीन पर गिरा तो परिजनों ने उसे संभाला। परिजनों ने उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया। उसी दिन दोपहर करीब ढ़ाई बजे उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर्स ने परिजनों को बताया की अभिषेक की मौत जहर खाने से हुई है। मेडिकल सूचना पर हॉस्पिटल पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया था। गौरतलब है कि मृतक के चाचा अशोक कुमार ने मृतक नवल शर्मा के मोबाइल पर व्हाट्सएप चेक किया तो उसमें सागर बोहरा, मनमोहन मीणा, राजेश व राहुल राणा की चैट मिली। जिसमें आरोपी मृतक से ऑनलाइन सट्टे में हारे हुए पैसे मांग रहे थे। जिसके आधार पर मृतक के चाचा ने आरोपियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया।

## कोटपूतली जिला मुख्यालय पर राजकीय विधि महाविधालय स्वीकृत किये जाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला अभिभाषक संघ, कोटपूतली के पूर्व अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, वित्त मंत्री डिप्टी सीएम दिया कुमारी, उच्च शिक्षा मंत्री डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा व कानून मंत्री जोगाराम पटेल को पत्र लिखकर नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली पर राजकीय विधि महाविधालय स्वीकृत कर जल्द से जल्द उसका संचालन शुरू किये जाने की मांग की हैं। साथ ही इसकी अनुशंषा बाबत जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह समेत कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ एवं बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत को भी



पत्र लिखा हैं। उल्लेखनीय हैं कि नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ में जिला अभिभाषक संघ के गठन के उपरान्त संघ के प्रथम अध्यक्ष रहे एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में ही विगत वर्ष जिला मुख्यालय कोटपूतली में डीजे कोर्ट समेत इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाने की मांग का बड़ा आन्दोलन किया गया था। एड. तंवर के नेतृत्व में लगभग दो माह तक अधिवक्ताओं ने कोटपूतली जिला मुख्यालय पर डीजे कोर्ट समेत इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर कड़ा संघर्ष करते हुये निरन्तर कलमबंद हड़ताल, क्रमिक अनषन व धरना- प्रदर्शन समेत कोटपूतली बंद आदि आन्दोलन किये थे। जिसके चलते ही राज्य सरकार व राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटपूतली मुख्यालय पर ही डीजे कोर्ट व इसके समकक्ष न्यायालय खोले हैं। अब तंवर ने कोटपूतली जिला मुख्यालय पर राजकीय विधि महाविधालय इसी पूरक बजट में स्वीकृत किये जाने की मांग की हैं। पत्र में तंवर ने बताया कि कोटपूतली में डीजे कोर्ट तो खुल गया हैं, लेकिन पुरे जिले में एक भी राजकीय विधि महाविधालय नहीं हैं। ऐसे में कानून की पढ़ाई की इच्छा रखने वाले व इस क्षेत्र में अपना उज्जवल भविष्य बनाने का सपना देखने वाले युवा या तो निजी महाविधालयों में महंगी फिस पर लॉ की पढ़ाई करने पर मजबुर हैं या फिर उन्हें जयपुर या अलवर जाना पड़ता हैं। ऐसे में कोटपूतली जिला मुख्यालय पर राजकीय विधि महाविधालय की नितांत आवश्यकता है। अगर राज्य सरकार इस और कोई कदम नहीं उठाती हैं तो कोटपूतली का वकील समुदाय विधि विधार्थियों के हित में आन्दोलन व धरना प्रदर्शन पर मजबूर होगा।

## रोटरी क्लब रींगस ने आयोजित किया 116वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की सी सी ए शिक्षण संस्थान भातरो का मोहल्ला में रविवार को सुबह नो बजे से दोपहर एक बजे तक 116वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया।चिकित्सा शिविर के भामाशाह रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा रहे, जिन्होंने शिविर का संपूर्ण आर्थिक भार वहन किया। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना,सहप्रांतपाल डॉ भंवर सिंह ताखर, रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा,डॉ विनोद कुमार गुप्ता,पी एस राजपूत,रघुनाथ जाट,सुभाष बिजारणियां, झाबर बिजारणियां, मुकेश कुमार शर्मा द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष द्वीप




प्रज्वलित कर किया गया। शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा यह निःशुल्क चिकित्सा व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को किया जाता है। शिविर में डॉ अजय सक्सेना द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ भंवर सिंह ताखर द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा, डॉ विनोद कुमार गुप्ता द्वारा बाल एवं शिशु रोग व पी एस राजपूत द्वारा घरेलू नुस्खों से 64 मरीजों का इलाज किया गया।

शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा 55 नेत्र रोगियों की जांच कर 29 रोगियों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा व वापस रींगस छोड़ा जाएगा रोटरी क्लब रींगस द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 3224 लैंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की गई है। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ जैशन शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार,नर्सिंग स्टाफ अरुणा राठौड़,आरती,हरसिमरन दीप कोर,यश ने अपनी सेवाएं दी। सुमित काबरा ने होम्योपैथिक चिकित्सा दवा वितरण में सहयोग प्रदान किया। रोटरी क्लब रींगस द्वारा मार्च माह में निशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण कैंप रविवार 15 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट अनुष सैन , दिग्वेंद्र सिंह,कमलेश धायल ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया।

## 25 फीट ऊचाई से गिरने मजदूर मौत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में 25 फीट ऊंचाई पर रंग -पेंट करते समय सतुंलन बिगडऩे पर मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा।इस दौरान अन्य मजदूरों ने एम्बुलेंस की सहायता से उसे घायल अवस्था सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान मजदूर ने दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

थानाधिकारी मुकेश कुमा ने बताया कि शहबाज (33) पुत्र मोहम्मद अहमद रामगढ़ मोड़ निवासी नाई की थड़ी स्थित एक स्कूल पर कलर-पेंट का काम कर रहा था। 12 फरवरी की दोपहर वह दूसरी मंजिल से ऊपर सीढियों की दीवार पर कलर-पेंट कर रहा था। दोपहर करीब 2 बजे सीढियों की स्टेप टूटने से फिसलकर वह 25 फीट नीचे जमीन पर आकर गिरा। गंभीर हालत में उसे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। शनिवार रात करीब 7 बजे उपचार दौरान शहबाज ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता मोहम्मद अहमद ने ठेकेदार और मालिक के खिलाफ लापरवाही के चलते मौत होने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

## सम्पादकीय

# एआई शिखर समिट, भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन

नई दिल्ली में शुरू हो रहे एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन की महत्ता केवल इसलिए नहीं है कि यह एक पांच दिवसीय वैश्विक आयोजन है। इसका महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसमें 15 से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों के साथ 50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। विश्व भर के एआई विशेषज्ञ एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी इस सम्मेलन के आकर्षण को और बढ़ा रही है। इस आयोजन के प्रति दिलचस्पी को इससे समझा जा सकता है कि दो लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। एक तरह से यह सम्मेलन जी 20 शिखर सम्मेलन से भी अधिक प्रभावशाली एवं विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचने वाला हो सकता है। चूंकि यह भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन है, इसलिए यह आशा की जाती है कि इसके जरिये एआई को एक जिम्मेदार, टिकाऊ और समावेशी तकनीक के रूप में विकसित एवं विस्तारित करने पर सहमति बनेगी। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व भर में एआई का प्रभाव और उसका बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जीवन के हर क्षेत्र में एआई का प्रभाव बढ़ता हुआ दिख रहा है। यह सर्वथा उचित है कि इस सम्मेलन में एआई की चुनौतियों से निपटने पर भी विचार-विमर्श होगा, लेकिन बात तब बनेगी जब उससे निपटने के किसी प्रभावी तंत्र पर सहमति भी बनेगी। यह सहमति इसलिए आवश्यक है, क्योंकि फिलहाल एआई पर चंद बड़े राष्ट्रों का ही वर्चस्व कायम है। यदि इस तकनीक का प्रसार अविकसित एवं निर्धन देशों तक नहीं पहुंचता तो इससे दुनिया में विषमता और अधिक बढ़ेगी ही। एआई का उपयोग समावेशी, नैतिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो, इसके लिए मेजबान भारत के साथ-साथ सभी देशों को प्रयत्न करने होंगे। तकनीक के संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि प्रत्येक तकनीकी विकास अपने साथ कुछ विसंगतियां एवं खतरे भी लाता है। एआई के साथ तो ऐसा कुछ अधिक ही है। इसके दुरुपयोग के मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। निःसंदेह एआई विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है, लेकिन उसका दुरुपयोग जिस तरह बढ़ रहा है, उससे उपयोगकर्ताओं के बीच उसके प्रति विश्वसनीयता और भरोसे का संकट पैदा हो रहा है। यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि एआई का दुरुपयोग रोकने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों पर डाली जाए और इसके लिए उन्हें जवाबदेह भी बनाया जाए। एआई अपने साथ जो चुनौतियां लेकर आई है, उनमें एक यह भी है कि उसके कारण कई परंपरागत नौकरियां खत्म हो रही हैं।




निःसंदेह यह तकनीक परंपरागत नौकरियों को खत्म करने के साथ नई नौकरियां का सृजन भी कर रही है। एक तरह से एआई चुनौतियों के साथ अवसर भी है। भारत को इस अवसर को भुनाने के लिए अपने लोगों को एआई के उपयोग के प्रति सक्षम बनाने के लिए और अधिक सक्रियता दिखानी होगी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 16 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1914 - लॉस एंजिलिस और सैन फ्रांसिस्को के बीच पहले विमान ने उड़ान भरी।
- 1918 - लुधियाना ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया।
- 1959 - राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने फुलगेनसियो बतिस्ता को अपदस्थ करने के बाद क्यूबा की सत्ता संभाली।
- 1969 - मिर्जा गालिब की 100वीं पुण्यतिथि पर डाक टिकट जारी किया गया।
- 1982 - कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में पहली बार जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।
- 1986 - मेरिओ सोरेस पुर्त$गाल के प्रथम असैनिक राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1987 - पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने की क्षमता वाले मिसाइल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।
- 1990 - सैम नुजोमा नामीबिया के पहले राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1994 - इंडोनेशिया के सुमात्रा में 6.5 तीव्रता के भूकंप के भीषण झटकों से 200 लोगों की मौत।
- 2001 - अमेरिकी व ब्रिटिश विमानों का इराक पर हमला।
- 2003 - विश्व की पहली क्लोन भेंड़ डोली को दया मृत्यु दी गई।
- 2004 - इस्लामाबाद में भारत और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच वार्ता प्रारम्भ।
- 2008-
- मध्य प्रदेश शासन द्वारा पार्श्व गायक नितिन मुकेश को लता मंगेशकर पुरस्कार प्रदान किया गया। टाटा मोटर्स ने सेना के लिए लाइट स्पेशिएस्टि व्हीकल नाम से एक वाहन उतारा। बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार ने राज्य में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' का शुभारम्भ किया।
- पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में मिराज विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ।
- 2009- कार्यवाहक वित्तमंत्री प्रणब मुखर्जी ने वर्ष 2009-10 का अंतरिम बजट पेश किया।

## विशेष आलेख

# पॉलीथिन-पुराण': कागजों पर संग्राम, धरातल पर प्लास्टिक का सम्राज्य



अनिल सिखवाल
ब्यावर

## कागजों में बंद 'पालीथिन मुक्त' ब्यावरः ज़मीन पर उड़ती थैलियाँ, निगाहों पर पट्टी



ब्यावर जिले में 'पालीथिन मुक्त अभियान' का शोर तो हर कुछ महीनों में सुनाई देता है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह अभियान जमीन से ज्यादा कागजों पर ही सफल नजर आता है। नगर परिषद की कार्रवाई भी अक्सर ऐसी होती है कि जैसे व्यवस्था का तराजू हमेशा छोटे दुकानदारों के खिलाफ ही झुका रहता है। बड़ी दुकानों और थोक पालीथिन सप्लायर्स पर कार्रवाई की फाइल शायद अब तक 'विचाराधीन' ही है जब भी अभियान की घोषणा होती है, दो-चार छोटे ठेले वालों से पालीथिन जब्त कर फोटो खिंचवाए जाते हैं, प्रेस नोट जारी होता है और अभियान की सफलता का ढोल पीट दिया जाता है। लेकिन शहर के प्रमुख बाजारों में आज भी खुलेआम पालीथिन की थैलियाँ बिक रही हैं। सवाल यह है कि अगर प्रतिबंध सख्त है तो ये थैलियाँ आती कहाँ से हैं? या फिर प्रतिबंध सिर्फ दिखावे का है ?स्थिति का सबसे दर्दनाक दृश्य शहर के बाल मंदिर विद्यालय के पीछे देखने को मिलता है, जहां कचरे के ढेरों में बिखरी पालीथिन की थैलियाँ 'अभियान की असल रिपोर्ट' बनकर पड़ी हैं। इन ढेरों के बीच आवारा पशु पालीथिन निगलते नजर आते हैं। यह दृश्य न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि उस संवेदनहीनता को भी दिखाता है जिसमें न पर्यावरण की चिंता है और न ही पशुओं के जीवन की व्यंग्य यह है कि हर बार अभियान शुरू होते ही शहर 'पालीथिन मुक्त' घोषित हो जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद वही पालीथिन हवा में झंडे की तरह लहराती नजर आती है। ऐसा लगता है मानो पालीथिन पर नहीं, सिर्फ उसकी चर्चा पर प्रतिबंध लगा हो नवगठित ब्यावर जिले के लिए यह एक गंभीर सवाल है — क्या पालीथिन मुक्त अभियान सिर्फ रिपोर्टों और बैठकों तक सीमित रहेगा, या कभी सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई भी देखने को मिलेगी? जब तक बड़ी मछलियों पर जाल नहीं डाला जाएगा, तब तक छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता ही कहलाएगी जरूरत है दिखावटी अभियानों की जगह ईमानदार इच्छाशक्ति की। वरना कागजों में पालीथिन खत्म होती रहेगी और सडक़ों पर बढ़ती रहेगी और हम हर साल यही लिखते रहेंगे कि 'पालीथिन मुक्त अभियान सफल रहा।'

**प्रशासनिक 'दूरबीन' और छोटे दुकानदारों का 'दुर्भाग्य'**

ब्यावर नगर परिषद का स्वच्छता अभियान किसी जादुई खेल से कम नहीं है। इस खेल में प्रशासन के पास एक विशेष प्रकार की 'दूरबीन' है, जिससे उन्हें केवल फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले की 10 ग्राम की थैली तो नजर आती है, लेकिन गोदामों में भरे पॉलीथिन के 'पहाड़' ओझल हो जाते हैं। जब भी अभियान का बिगुल बजता है, गाज हमेशा उन्हीं पर गिरती है जिनकी आवाज कमजोर है। बड़े 'अजगर' तो चैन की नींद सो रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि प्रशासनिक चाबुक की लंबाई उनके वातानुकूलित केबिनों तक नहीं पहुँचती।

**बाल मंदिर स्कूल के पीछे 'प्लास्टिक का कुरुक्षेत्र'**

अगर किसी को नगर परिषद की सफलता देखनी हो, तो बाल मंदिर विद्यालय के पीछे का नजारा देख आए। वहाँ कचरे के ढेर नहीं, बल्कि पॉलीथिन की प्रदर्शनियां लगी हैं। हवा के झोंकों के साथ उड़ती ये थैलियां मानों प्रशासन के दावों का उपहास उड़ा रही हों। विद्यालय के पीछे का यह दृश्य बताता है कि हम आने वाली पीढ़ी को विरासत में ज्ञान कम और कचरा ज्यादा दे रहे हैं।

**बेजुबान पशु और 'प्लास्टिक का आहार'**

सबसे मार्मिक दृश्य वह है जब शहर के आवारा पशु इन थैलियों में खाने की तलाश करते-करते खुद मौत का सामान निगल लेते हैं। नगर परिषद के कागजों में तो ब्यावर 'पॉलीथिन मुक्त' होने की ओर अग्रसर है, लेकिन धरातल पर इन बेजुबान पशुओं की जुगाली में फंसी प्लास्टिक की थैलियां चीख-चीख कर सच बयां कर रही हैं। यह केवल कचरा नहीं, बल्कि हमारी प्रशासनिक संवेदनहीनता का ढेर है।

**नवगठित जिलाः नया नाम, पुरानी नाकामियां**

ब्यावर अब जिला बन चुका है, उम्मीद थी कि नए कलेवर के साथ प्रशासनिक कार्यशैली में भी नयापन आएगा। लेकिन अफसोस! 'पॉलीथिन मुक्त अभियान' पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है—वही औपचारिकताएं, वही चुनिंदा कार्रवाई और वही कागजी घोड़े। जब तक शहर के प्रमुख बाजारों में धड़ल्ले से बिकती पॉलीथिन पर रोक नहीं लगती, तब तक यह अभियान केवल फोटो खिंचवाने और अखबार की कतरनों तक ही सीमित रहेगा।

# भविष्य के जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक दस्तावेजः क्योटो प्रोटोकॉल



सुनील कुमार महला

*नवीनतम आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुँच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है।*

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि 16 फरवरी 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों (कोयला, पेट्रोलियम, गैस) का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियाँ और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुँच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3' अधिक है; इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है। कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423-425 पीपीएम तक पहुँच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50' अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था, जिसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### परिंदा

आँगन में इधर उधर फुदकती हुई गौरैया अपने बच्चे को उडऩा सिखा रही थी। बच्चा कभी फुदक कर खूंटी पर बैठ जाता तो कभी खड़ी हुई चारपायी पर, और कभी गिर कर किसी सामान के पीछे चला जाता। संयोगिता अपना घरेलू काम निपटाते हुई, ये सब देखकर मन ही मन आनन्दित हो रही थी। उसे लग रहा था मानो वह भी अपने बेटे रुद्रांश के साथ लुका-छिपी खेल रही है। आँखों से ओझल हो जाने पर जब गौरैया शोर करने लगती तब संयोगिता भी डर जाती कि रुद्रांश ही कहीं गुम हो गया है, और घबराकर वह गौरैया के बच्चे को श..श. करके आगे निकाल देती। बच्चा अब काफी उडऩा सीख गया था और अब की बार वह घर की मुंडेर पर जाकर बैठ गया था। अगले कुछ पल बाद उसने ऐसी उड़ान भरी कि वह दूर गगन में उड़ता ही चला गया। गौरैया उसे ढूंढ रही थी, और चीं- चीं, चूं - चूं के शोर से उसने पूरा घर सिर पर उठा लिया। सन्तान के बिछोह में चिडिय़ा का करुण क्रन्दन देखकर संयोगिता का दिल भी धक से बैठ गया। वो भी एक माँ है ना! ...और उसके बेटे रुद्रांश ने भी विदेश जाने के लिये पासपोर्ट बनवा लिया है और अब कई दिनों से अमेरिका का वीजा पाने के प्रयास में लगा है।



## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# अर्जुन की छाल का काढ़ा पीने से दूर हो सकती हैं ये समस्याएं, जानें सेवन का सही तरीका

01.इम्यूनिटी बूस्ट करे- नियमित रूप से अर्जुन की छाल का काढ़ा पीने से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद कर सकते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से फ्लू और अन्य संक्रमणों से बचाव में मदद मिल सकती है।

02.पाचन तंत्र को दुरुस्त करे -अर्जुन की छाल का काढ़ा पीने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। दरअसल, अर्जुन की छाल पाचन तंत्र को साफ रखने में मददगार होती है। इसके सेवन से गैस, अपच और एसिडिटी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

03. दिल को रखे स्वस्थ- अर्जुन की छाल का काढ़ा हार्ट को हेल्दी बनाने में काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके सेवन से हाई बीपी और हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिल सकती है। नियमित रूप से अर्जुन की छाल का काढ़ा पीने से ह्रदय संबंधी रोगों का खतरा कम हो सकता है।

04.फेफड़ों की परेशानी दूर करे- अर्जुन की छाल का काढ़ा पीने से फेफड़ों से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो फेफड़ों में फैलने वाले संक्रमण से आपको सुरक्षित रख सकते हैं। इसके सेवन से अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी फेफड़ों से संबंधी परेशानियों से राहत मिल सकती है।

05.दर्द और सूजन से राहत दिलाए -अर्जुन की छाल का काढ़ा पीने से शरीर में होने वाले दर्द और सूजन की समस्या से राहत मिल सकती है। दरअसल, इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके खर्च अधिक रहेंगे, लेकिन फिर भी आपकी इनकम अधिक रहने से आपको उसकी टेंशन नहीं होगी।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी सरकारी काम पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं भी दूर होंगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपको अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर व्यय करना बेहतर रहेगा। आपके लिए गए निर्णय के लिए को लेकर आपको पछतावा हो सकता है।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और आपकी उन्नति की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और आपका कोई पारिवारिक मामला यदि आपको लंबे समय से टेंशन दे रहा था।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको जीवनसाथी से कोई बात गुप्त नहीं रखनी है, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते में दरार पैदा हो सकती हैं। आपको अपने बॉस की बातों को भी इग्नोर करने से बचना होगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का बहुत अधिक रहेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी, लेकिन आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा, इसलिए आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखें। आपने यदि किसी काम को कल पर टाला, तो बाद में वह आपके लिए समस्या बन सकती है।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको नौकरी से संबंधित यदि कोई समस्या चली आ रही थी, तो वह भी दूर होगा और जीवनसाथी आपके बिजनेस में आपका पूरा साथ देंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कार्यक्षेत्र में लोगों से खूब पटेगी, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा और बिजनेस को लेकर भी आपकी कोई डील यदि लंबे समय से टेंशन दे।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहेगा। आपकी अपने बॉस से भी कहासुनी होने की संभावना है, इसलिए आपको कामों पर पूरा फोकस बनाना होगा।

# राज्य बजट 2026-27: सवाई माधोपुर को मिलेगी विकास की नई गति: डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने जिला कलक्ट्रेट सभागार में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य बजट 2026-27 की प्रमुख विशेषताओं एवं सवाई माधोपुर जिले को मिली महत्वपूर्ण घोषणाओं के बारे में जानकारी दी।

### सवाई माधोपुर को मिली विकास की सौगातें

डॉ. मीणा ने कहा कि जिले में आपदा प्रबंधन के तहत जड़ावता क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा दीवार, खेतों मे मिट्टी भराव सहित अन्य कार्यों पर लगभग 75 करोड़ रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान राज्य बजट में किया गया है। साथ ही, युवाओं के लिए सवाई माधोपुर में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) की स्थापना तथा प्रत्येक जिले में उद्योगों से जुड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड वोकेशनल ट्रेनिंग प्रारम्भ किया जाएगा जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेगें। डॉ मीणा ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जिले में 15 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सडक़ों का सुदृढ़ीकरण, खंडार क्षेत्र में 7 करोड़ रुपये की लागत से पुलियाओं का निर्माण तथा बामनवास क्षेत्र में नई सडक़ों का निर्माण कराया जाएगा। सूरवाल बांध के अतिरिक्त जल की सुरक्षित निकासी के लिए जल संसाधन विभाग एक परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगा, 20 करोड़ रुपए की लागत से मोरेल बांध नहर प्रणाली के नवीनीकरण, 20 करोड़ रुपए की लागत से मोरेल नदी पर एनिकट निर्माण तथा 8 करोड़ रुपए की लागत से खण्डार उपखंड में मानसरोवर बांध की मरम्मत सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। जिससे अतिवृष्टि से सुरक्षा एवं जलप्रबंधन के माध्यम से आसपास के गांवों में जल स्तर बढ़ेगा। मंत्री ने बताया कि ऊर्जा विभाग की ओर से चकेरी-सवाई माधोपुर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण किया जाएगा। कृषि एवं विपणन के विभाग द्वारा सब्जी मंडी में विकास कार्य कराए जाएंगे। डॉ. मीणा के अनुसार, ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तीकरण की दिशा में नवाचार के तहत ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु जिला स्तर पर रूरल वूमन बीपीओ स्थापित किए जाएंगे। साथ ही 2,500 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से ओपन जिम एवं खेल मैदान विकसित किए जाएंगे।

### शहरी विकास एवं पर्यावरणीय संरक्षण के प्रावधान

मंत्री ने बताया कि बजट के अनुसार, प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नीति, सार्वजनिक स्थलों पर ईको एवं कूलिंग शेल्टर तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए बंद दहन श्मशान भट्टियों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र जिला मुख्यालय पर मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रकोष्ठ, जिला अस्पतालों में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता एवं नशामुक्ति वार्ड स्थापित किए जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल टू वर्क कार्यक्रम, स्कूल ऑन व्हील्स तथा उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### वन्यजीव एवं पर्यटन को बढ़ावा

डॉ. मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से सवाई माधोपुर में वन्यजीवों के उपचार हेतु विशेष उपचार केन्द्र स्थापित किया जाएगा। पर्यटन, सांस्कृतिक संरक्षण एवं स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने साथ ही, लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए संभाग स्तर पर लोक नृत्य उत्सव आयोजित किए जाएंगे।

### अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट एवं लटिया नाला अवसंरचना विकास के कार्य

उन्होंने बताया की आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पंच गौरव योजना के तहत जिले में 150 करोड़ रूपए की लागत से अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी साथ ही लटिया नाले की पक्की दीवार निर्माण एवं डिसिल्टींग हेतु 220 करोड़ रूपए का प्रावधान किया जाएगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडव, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह मीना, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## शिरकत : पद दंगल लोक-संस्कारों के संरक्षण का भी सशक्त माध्यम : डॉ किरोड़ी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि एवं उद्यानिकी तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा रविवार को सवाई माधोपुर के इटावा बालाजी में आयोजित विशाल पद दंगल कार्यक्रम में शामिल हुए। सैंकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने डॉ. मीणा को हाथी पर बैठाकर बैंड बाजे के साथ जुलूस के रूप में उनका स्वागत सत्कार किया। पद दंगल स्थल पहुंचने पर कृषि मंत्री पर जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई। कृषि मंत्री ने आयोजन स्थल पर बालाजी के दर्शन किए और प्रदेश तथा जिले की सुख समृद्धि की कामना की। डॉ. मीणा ने पद दंगल में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कन्हैया पद दंगल न केवल स्थानीय परंपरा और लोक-संस्कारों के संरक्षण का सशक्त माध्यम है, अपितु सामाजिक एकता, सद्भावना एवं सांस्कृतिक निरंतरता का प्रेरणादायक प्रतीक है। उन्होंने पद दंगल में प्रस्तुति देने वाले लोक कलाकारों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के लिए काम कर रही है। पद दंगल सहित विभिन्न लोक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं।

**क्षेत्र की जनता का आभार:** डॉ. मीणा ने क्षेत्र की जनता को उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि सवाई माधोपुर की जनता जनार्दन द्वारा मुझे विधायक बनाने के परिणाम स्वरूप ही मैं आज में मंत्री बना हूं। उन्होंने आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का ऐसा ही आशीर्वाद हमेशा बना रहे और वह इसी तरह जनता के लिए काम करते रहें।

## परिवहन विभाग की कार्रवाई: बिना कर और ओवरलोड वाहनों का चालान, 25 लाख रुपये की प्रशमन राशि वसूली



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा विभाग, सवाई माधोपुर द्वारा सडक़ सुरक्षा नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाते हुए अन्य प्रदेशों में पंजीकृत एवं राज्य में बिना कर जमा कराए संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। साथ ही ओवरलोड वाहनों पर भी व्यापक कार्यवाही अमल में लाई गई। इस संयुक्त कार्रवाई का नेतृत्व जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा किया गया। उनके साथ कार्यालय के उडऩदस्तों ने अभियान को अंजाम देते हुए कुल 30 वाहनों के विरुद्ध ओवरलोड, फिटनेस, टैक्स एवं अन्य नियमों के उल्लंघन में चालान बनाए। इस कार्रवाई के माध्यम से लगभग 25 लाख रुपये की प्रशमन राशि अर्जित की गई। अभियान के दौरान परिवहन निरीक्षक हनुमान मीना एवं पिंकी रानी भी उपस्थित रहे! जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह ने वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित कर, फिटनेस एवं ओवरलोडिंग संबंधी नियमों का पूर्णत: पालन करें, ताकि सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके एवं दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

## प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान आज से

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार गांवों को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 16 से 28 फरवरी तक जिले में प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान चलाया जाना है। इसी के तहत अभियान पूर्व तैयारियों को लेकर ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने बताया कि प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान अवधि में ग्राम पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों, आम रास्तों, संस्थानों के आस-पास प्लास्टिक कचरे को संवेदक के माध्यम से या अतिरिक्त श्रमिक/संसाधन लगाकर एकत्रित कर बोरी/बड़े थैले में भरकर आर.आर.सी. तक पहुंचना तथा एकत्रित प्लास्टिक कचरे को कबाड़ी को बेचा जायेगा। अभियान में प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, निपटान तथा पुनर्चक्रण के माध्यम से एकल उपयोग प्लास्टिक सहित प्लास्टिक कचरे का प्रबन्धन किया जायेगा। सीईओं ने बताया कि राजकीय कार्यालयों, राजकीय/निजी विद्यालयों, अन्य स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णरूप से प्रतिबंधित, गांव में सिंगल यूज प्लास्टिक को रेडजोन बनाना। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाये कि गांव में सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों गलियों, सडक़ के आस-पास आबादी भूमि में कही भी प्लास्टिक कचरा नही रहे। साथ ही गांव के बाहर सडक़ों के किनारों पर प्लास्टिक कचरा पड़ा हुआ नही हो। प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान में होगी यह गतिविधियां सीईओ ने बताया कि सोमवार से शुरु होने वाले अभियान में ग्राम पंचायत पर जागरूकता चौपाल आयोजित की जायेगी। चौपाल में प्लास्टिक कचरे को घरेलू वस्तुओं या कला में रीसाइकिल करने पर विचार-विमर्श, प्लास्टिक कचरे के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देना, सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में जागरूक करना, सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की जायेगी। इसी तरह 17 फरवरी को शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से साफ-सफाई एवं प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने, प्लास्टिक बैंक बनाना, अनुपयोगी प्लास्टिक के सदुपयोग, मेरा गांव प्लास्टिक कचरा मुक्त गांव विषय पर पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

## देशभक्ति गीतों के साथ पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** सवाई माधोपुर में रविवार को देशभक्ति और एकता की भावना से ओत-प्रोत माहौल देखने को मिला। समाज में अमन, सुकून, भाईचारे और राष्ट्रवाद की सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाली टीम वतन फाउंडेशन द्वारा पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन रेलवे स्टेशन के सामने किया गया, जहां बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और कैंडल लेकर देशभक्ति गीतों के साथ शहीदों को नमन किया। वातावरण वीर शाहिद अमर रहे 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ज्ञात हो कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में 40 से अधिक सीआरपीएफ जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस अवसर पर हुसैन आर्मी ने भावुक शब्दों में कहा कि जब पुलवामा हमला हुआ, उस समय उनकी पोस्टिंग भी जम्मू-कश्मीर में ही थी। उन्होंने बताया कि वह समय बेहद खौफनाक और तनावपूर्ण था। 'उस दौर की स्थिति को शब्दों में बयां करना आसान नहीं है। हर जवान के मन में देश की रक्षा का जज्बा था, लेकिन हालात बेहद चुनौतीपूर्ण थे,' उन्होंने कहा। टीम वतन फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि देना ही नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे और सकारात्मक राष्ट्रवाद का संदेश फैलाना भी है। संस्था पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय पर्वों और विशेष अवसरों पर सामाजिक एकता और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। कार्यक्रम , महेश योगी, वकार खान, सोनू खान, विमल पांडे, अमन वाल्मीकि, आशीष मेहरा, म$गरू$फ खान सबीना खान, धारा सिंह, विष्णु मीणा, उरूज हुसैन, अली हुसैन , आदि ने अंत में संकल्प लिया कि वे देश की एकता, अखंडता और सद्भाव बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे तथा शहीदों के बलिदान को सदैव याद रखेंगे।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में लगी रही भक्तों की भीड़

## भोर होते ही गूंज उठे बोल बम के जयकारें

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति व आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की लाईने लगी रही। इस दौरान शिवालयों में ओम नमः शिवाय व हर हर महादेव के जयकारें गूंजते रहे। शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ के चलते भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं को इंतजार करना पड़ा। शहर के सबसे प्राचीन श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर व मायला कुण्ड स्थित शिवालय, नर्बदेश्वर महादेव मंदिर, शिवाजी कॉलोनी स्थित इच्छेश्वर महादेव मंदिर, किलेश्वर महादेव मंदिर, परमहंस आश्रम, जगजीत महादेव, चिंताहरण गणेशजी के मंदिर के शिवालय, श्री राधा दामोदर जी मंदिर व टीलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की चार पहर की श्रद्धालुओं ने पूजा की और विधिवत अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक के बाद झांकी सजाई गई। इस दौरान नवविवाहिता महिलाओं ने शिवालयों में भगवान शिव के दरबार में जयगढ चढाकर भजन गाती रही। श्री राधा दामोदर जी मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। ठाकुर जी का हरि-हर रूप में अलौकिक श्रृंगार किया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। मंदिर के पुजारी कैलाश चंद, हरि नारायण, मुकेश व नितेश पंडा के सान्निध्य में भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात ठाकुर जी व राधारानी जी का नयनाभिराम दिव्य श्रृंगार किया गया। जिसमें विष्णु (हरि) व शिव (हर) के संयुक्त स्वरूप की झलक दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने हरे कृष्ण-हरे राम के संकीर्तन के साथ दामोदर सरकार के दरबार में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## पहाडी में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत पहाडी में हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 101 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। इस दौरान महिलाओं एवं पुरूषों ने जमकर भक्ति नृत्य किया। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। हिंदू सम्मेलन में संत रामकृष्ण वेदंती सहि कई महिला- पुरूषों ने बढ़-चढ$कर धर्म लाभ कमाया। मुख्य वक्ता गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने सामाजिक समरसता, परिवार के संस्कार एवं समस्त हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने भारत की एकता अखंडता एवं सनातन धर्म एवं पंच परिवर्तन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, राजाराम चौधरी, बद्री पटवारी, रामावतार व पूर्व प्रधान ममता जाट सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## राजस्व मण्डल के नए भवन के लिए 150 करोड़ की स्वीकृति

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर(मोहित जैन)।** राजस्थान सरकार द्वारा बजट वर्ष 2026-27 में राजस्व मण्डल के नवीन भवन के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिए जाने के ऐतिहासिक निर्णय पर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास पर राजस्थान रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सा$फा व माला पहनाकर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि राजस्व मण्डल प्रदेश की सर्वोच्च राजस्व न्यायिक संस्था है। ये वर्षों पुराने और जर्जर भवन में संचालित हो रहा था। इससे अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा दूर-दराज से आने वाले वादकारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसके लिए अब 150 करोड़ रुपये के बजट आवंटन से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन का निर्माण संभव हो सकेगा। अधिवक्ता संघों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्व मण्डल के नवनिर्माण की आवश्यकता को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखते हुए निरंतर प्रयास किए। इसके सकारात्मक परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। नए प्रस्तावित भवन में आधुनिक न्यायालय कक्ष, अधिवक्ताओं के लिए सुविधाजनक चैंबर, डिजिटल रिकॉर्ड प्रणाली, पर्याप्त पार्किंग सुविधा तथा आमजन के लिए सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इससे न्यायिक कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि होने के साथ प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण में भी सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में अध्यक्ष शंकर लाल जाट, सचिव मनीष पांडे, अशोक अग्रवाल, सोहन पाल सिंह चौधरी, शांति प्रकाश ओझा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, रामस्वरूप चौधरी, राकेश अरोड़ा, अर्चना गौतम, उपाध्यक्ष ईश्वर देवड़ा, हरदत सहारण, कोषाध्यक्ष नीरज मेहरा , दिनेश चौधरी सहित अन्य अधिवक्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आरोग्य के मेले में तीसरे दिन भी उमड़ा जन सैलाब

बढ़ता राजस्थान





**टोंक,(का.स.)।** टोंक के स्थानीय गांधी खेल मैदान में राजस्थान सरकार व आयुर्वेद विभाग द्वारा चल रहे चार दिवसीय आरोग्य मेले में तीसरे दिन भी अपार जनसमूह ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस मेले में आयुर्वेद चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, होम्योपैथी व सिद्धा द्वारा लोगों की चिकित्सा व परामर्श प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर रविवार को इंडियन मेडिसिन बोर्ड के भूतपूर्व रजिस्ट्रार श्री कमल चंद शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय आयुर्वेद कॉलेज जयपुर ने आयुर्वेद में औषधि सेवन काल के महत्व पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रोग का एक नियत सेवन काल होता है यदि उसके अनुसार दवाइयों का प्रयोग किया जाए तो लाभ अधिकाधिक मिलता है। मेले के तीसरे दिन आयुर्वेद चिकित्सा के विभिन्न उपक्रमों द्वारा जनसाधारण को लाभान्वित किया गया। पंचकर्म चिकित्सा में सेवाएं दे रहे डॉ. मयंक मीना ने बताया कि स्नेहन, स्वेदन ,जानुबस्ति, कटी बस्ती द्वारा 50 से अधिक लोगों को वात व्याधियों से लाभ प्रदान किया गया। अग्निकर्म व विद्धकर्म व जलौका अवचारण द्वारा भी लोग लाभान्वित हुए। इस आयुष मेले में औषधीय पादप प्रदर्शनी , आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रदर्शनी, व निशुल्क क्वाथ वितरण व मेले का भ्रमण, आयुर्वेद व देशी चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जानने व समझने के लिए लगभग 10 हजार 500 लोगों ने शिरकत की । मेला प्रभारी प्रमोद जोनवाल व मीडिया प्रवक्ता डॉ धर्मराज मीणा ने बताया कि आयुर्वेद के विभिन्न स्टॉल जैसे स्त्री रोग, क्षारसूत्र, अग्निकर्म, जराव्याधि ,बालरोग, त्वचा रोग, आदि पर लोगों की भीड़ रही । उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग टोंक रामसहाय बैरवा ने बताया कि होम्योपैथी ,यूनानी व सिद्धा पद्धतियों के काउंटर्स पर भी लोगों का हुजूम रहा । इनके द्वारा लगभग 1780 लोगों की चिकित्सा प्रदान की गई। आयुर्वेद की विभिन्न विधाओं द्वारा लगभग 2378 लोगों को चिकित्सा प्रदान की गई। डॉ नरेश जोशी ने बताया कि यह मेला आमजन हेतु अत्यंत लाभदायक सिद्ध हो रहा है। डॉ संजय ने कहा कि कल मेले का अंतिम दिन है व समापन दिवस है अतः अधिक से अधिक लोग आकर इसका लाभ प्राप्त करे।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजे बम भोले के जयकारे, भजन-कीर्तन सहित अनेक धार्मिक आयोजन हुए

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिव मंदिरों में अल सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में शनिवार को तृतीय ऊं नम शिवाय सवालाख मंत्र जाप का संगीतमय आयोजन हुआ। वहीं कस्बे के गोविन्द देव जी स्थित शिव मंदिर, कांकवाडी बाजार, सराय मौहल्ला, कारोठ रोड़, गणेश पोल सहित अनेक मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जगह-जगह मंदिरों में महिलाओं के द्वारा कलश चढ़ाएं गये। भक्तों ने अपने आराध्य देव भगवान शिव को गाजर का हलवा, आलु का हलवा, गाजर, बेर, बेल-पत्र, बेर आदि चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिरों को आकर्षक रोशनी व फूलों से सजाया गया। अनेक मंदिरों में भजन कीर्तन तथा शिवजी के ब्यावले का आयोजन हुआ।



## पूर्व मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य लाभ की ली जानकारी,भगवान से की प्रार्थनाःबबेरवाल



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** सैनी समाज जिला कोटपूतली-बहरोड के जिला अध्यक्ष बबलू बबेरवाल नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निवास जयपुर पर मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के काफी दिनों से मुम्बई प्रवास कर स्वास्थ्य लाभ लेकर जयपुर लौटने पर प्रतिनिधि मंडल ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर उनके स्वास्थ्य के हाल चाल जाने एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं प्रेषित कर फूलों का गुलदस्ता भेंट किया प्रतिनिधिमंडल ने जिले के आगामी पंचायत, स्थानीय निकायों के चुनावों में सैनी समाज का ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व दिलाने सहित क्षेत्र के राजनीतिक एवं सामाजिक हाल चाल जाने। प्रतिनिधिमंडल में एडवोकेट वेदप्रकाश सैनी नगर कांग्रेस अध्यक्ष नीमराना, प्रधान संरक्षण देवीसहाय सैनी, एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी, परमानंद सैनी सचिव नगर कांग्रेस कमेटी नीमराना, अमीलाल सैनी, सोहनलाल सैनी पूर्व पंच, ऋषि सैनी , संजय दैया, दाताराम सैनी, संतोष कुमार सैनी अध्यक्ष विराटनगर, अध्यक्ष सैनी सभा पावटा रामसिंह पटेल सहित का$फी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री मानस्तंभ का 12 वा का स्थापना दिवस हर्ष पूर्वक मनाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायती मन्दिर,हलवाई पाड़ा स्थित श्री मानस्तंभ के स्थापना दिवस दिनांक 15 फरवरी , 2026, रविवार को हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया ।



मंत्री नरेन्द्र जैन बडजात्या ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायती मंदिर हलवाई पाड़ा में 15 फरवरी,2014 में मानस्तंभ की स्थापना की गई थी । आज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रात: श्री जी का अभिषेक व शांतिधारा की गई इसके पश्चात मानस्तंभ में विराजित चारों दिशाओं की प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया । इस के पश्चात सभी सधर्मियों द्वारा सामूहिक पूजन की गई । इस अवसर पर श्री पद्मप्रभु पंचायती मंदिर के उपाध्यक्ष अशोक जैन व मंत्री कैलाश चंद जैन, श्री चंद्रप्रभु पंचायती मंदिर के मंत्री रवींद्र जैन , श्री नंदीश्वर मंदिर के अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र जैन , मंत्री विजय जैन , श्री संभवनाथ मंदिर के अध्यक्ष एडवोकेट चंदन जैन , समाज के पूर्व अध्यक्ष ऋषभ जैन, कुलदीप बडजात्या , मनीष जैन गोधा सहित समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन गोधा , उपाध्यक्ष विजय भोंच , कोषाध्यक्ष राजकुमार भौंच, उप सचिव योगेन्द्र गोधा , भंडारी राकेश जैन भौंच, कमेटी सदस्य ऋषभ जैन, अशोक जैन रावका,सुनील बैनाडा, विकास जैन काला, अभय जैन बडजात्या सहित समाज के सभी गणमान्य महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए ।

## वीरपुर निवासी रेलवे सीटीआई ने यात्री को पैसे लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के बीघोता ग्राम पंचायत के वीरपुर गांव निवासी रेलवे सीटीआई यशवंत कुमार मीना ने गाड़ी में बिखरे नोटों को यात्री को वापस लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया।



सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला ने बताया कि रेलवे में सीटीआई यशवंत कुमार मीना 14 फरवरी को मगध एक्सप्रेस में रेलवे स्टेशन दीनदयाल उपाध्याय से टूंडला में तक कार्यरत हैं। ए-1 कोच में चेकिंग के दौरान सीट नंबर 30 के पास 500-500 के नोट बिखरे हुए मिले। रात्रि का समय होने के कारण सभी यात्री सो रहे थे तो उन्होंने सभी नोटों को उठा लिया। नोट करीबन 54 हजार रुपए थे। उन्होंने यात्रियों को जगाया और पुछा किसी का सामान गिरा है। उन्होंने यात्रियों से पुछकर वास्तविक यात्री को ऑनड्युटी सिक्योरिटी जवान के सामने यात्री को पैसे सौंप दिए। उनकी ईमानदारी की सोशल मीडिया पर प्रशंसा हो रही है।

## राजस्थान हाईकोर्ट की तलाक से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी

# महिलाएं पीड़ित होती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पुरुषों की परेशानियों को नजरअंदाज कर दिया जाए

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर,(रंजन दवे)।** राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर बेंच ने पति-पत्नी के तलाक से जुड़े एक मामले मे महत्वपूर्ण टिप्पणी के तहत कहा कि महिलाएं पीडित्त होती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पुरुषों की परेशानियों को नजरअंदाज कर दिया जाए। ऐसा कहते हुए राजस्थान हाई कोर्ट की जस्टिस रेखा बोराणा की सिंगल बैच ने जयपुर की रहने वाली 45 वर्षीय महिला की ओर से दायर अर्जी को खारिज कर दिया है।यह राजस्थान में अपने आप में पहला डिसीजन है , जिसमें सिविल ट्रांसफर एप्लीकेशन में पति की परेशानी को समझा गया है । पत्नी ने हाईकोर्ट में सिविल ट्रांसफर एप्लीकेशन दाखिल कर बताया था कि उसके पति ने तलाक की अर्जी बीकानेर की फैमिली कोर्ट में लगा रखी है । पत्नी का कहना था कि वह साल 2005 से अपने 16 और 18 साल के दो बेटों के साथ जयपुर में रह रही है और यही काम करती है। इसलिए तलाक से जुड़ा मामला भी यही ट्रांसफर किया जाए।पति ने ट्रांसफर अर्जी में बताया कि वह अपने माता- -पिता का इकलौता बेटा है । उसकी मां कैंसर से पीडित्त है और पूरी तरह बिस्तर पर है । पिता की उम्र 80 साल से अधिक है । ऐसे में उनके इलाज और देखभाल की जिम्मेदारी उसी पर है । इसलिए बार - बार जयपुर आना संभव नहीं है । कोर्ट ने साफ किया कि समानता का मतलब दोनों पक्षों को बराबरी से देखना है । अगर पत्नी का प्रार्थना पत्र स्वीकार होता है तो पति ( 49 ) को पत्नी की तुलना में ज्यादा परेशानियों का सामना करना होगा । अदालत ने माना कि यदि मामला जयपुर ट्रांसफर किया जाता है तो पति को ज्यादा कठिनाई होगी , क्योंकि वह गंभीर रूप से बीमार मां और बुजुर्ग पिता की देखभाल कर रहा है । ऐसे में उसे बार - बार बीकानेर से जयपुर आना मुश्किल होगा । कोर्ट ने कहा कि ट्रांसफर के लिए कोई ठोस आधार नहीं बनता।आर्थिक परेशानी के मुद्दे पर खर्च देने को तैयार है तो बीकानेर की फैमिली कोर्ट हर पेशी पर उचित खर्च दिलाने का आदेश दे सकता है ।




## पंचमुखी शिवलिंग श्री अदभूतेश्वर जी महाराज का स्थान मानसरोवर धाम मंदिर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** सावन के मौसम में बादलो के साथ अटखेलिया करती हरी हरी पहाडियों की तलहेटी में स्थित प्राकर्तिक सौन्दर्य के मध्य बसा राजस्थान का एकमात्र पंचमुखी शिवलिंग श्री अदभूतेश्वर जी महाराज का स्थान मानसरोवर धाम मंदिर गंगोड़ी मोड़ , मांच का तिराहा, अलवर में स्थित है मानसरोवर धाम मंदिर का स्थापना दिवस दिनांक 12 दिसम्बर 2010 को हुई थी प्रारंभ में सिर्फ पंचमुखी शिवलिंग श्री अदभूतेश्वर जी महाराज की स्थापना की गयी थी पर जैसे जैसे भक्तगणों की संख्या बढने लगी भक्तगणों द्वारा गुरुदेव श्री शिवानन्द साधक जी महाराज के साथ मिलकर अन्य देवी देवताओ की स्थापना करने का निर्णय लिया और तुरन्त सभी के सहयोग से 5 देवी देवताओ की स्थापना करवा दी गयी जिसमे विष्णु लक्ष्मी , शिव पार्वती गणेश जी, पंचमुखी हनुमान जी, राधा कृष्ण , दुर्गा माता के मंदिर स्थापित किये गए तद्पश्चात पंचमुखी अदभूतेश्वर जी महाराज के बिल्कुल सामने नंदी बाबा के मंदिर की भी स्थापना करवा दी गयी है बहुत सारे आयोजनो में श्रीमद्भागवत् कथा, श्रावन मास आयोजन, शिवरात्रि मेला , लोगो द्वारा लगाये गए भंडारे , रुद्राभिषेक कार्यक्रम, जलाभिषेक, बसन्तौत्सव, तीजोत्सव इत्यादि कार्यक्रमों से हर व$क्त मानसरोवर धाम मंदिर में अब भक्तो का आवागमन चलता रहता है ! साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि आज मानसरोवर धाम मंदिर के स्थापना दिवस पर ही ब्रह्मलीन परमपूज्यनीय गुरुदेव श्री शिवानन्द साधक जी महाराज जी की भव्य प्रतिमा प्रदार्पण का भव्य कार्यक्रम दिनांक 12 दिसम्बर 2018 को धूमधाम से सम्पन्न हुआ था ! गुरुदेव श्री शिवानन्द साधक जी महाराज के सुपुत्र पूज्यनीय श्री शिवम् साधक जी महाराज को गद्दी सौपी गयी और बहुत जल्दी अपने गुरु के पदचिन्हों पर चलते हुए श्री शिवम् साधक जी महाराज ने भी बहुत ख्याति एवं नाम कमा लिया है मानसरोवर धाम मंदिर में पूरा आश्रम बनकर तैयार हो चूका है साथ ही उसमे गौ शाला भी स्थापित हो चुकी है दिल्ली, गुडगाँव, रोहतक, जयपुर, भिवाडी, वृन्दावन, मथुरा, झिर्खा फिरोजपुर जैसे बहुत से शहरो से लोग चलकर दर्शन करने एवं भंडारा करने आने लगे है ।

## प्रदेश में रामराज्य $कायम हो और सबका कल्याण होःशर्मा

### विधानसभा क्षेत्र का टालवृक्ष धार्मिक स्थानों में महत्वपूर्ण माना जाता है



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के सबसे प्राचीन धार्मिक स्थल तालवृक्ष में भोलेनाथ नाथ के प्राचीन भूतेश्वर मन्दिर सहित गाँव-ढाणीयों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही ताँता लगा रहा। भगवान भोलेनाथ नाथ से भक्तजनों ने क्षेत्र में खुशहाली सहित सम्पूर्ण देश में अमन चैन भाईचारे का आशीर्वाद माँगा। वहीं प्राचीन ऋषि माण्डव की तपोस्थली भूमि पर पहुँचे वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी बाबा भूतेश्वर मन्दिर में पूजा अर्चना कर जलधारा प्रवाहित की। इस मौके पर बोलते हुए वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ का यह विधानसभा क्षेत्र का सबसे प्राचीन मन्दिर है। यहाँ लोगों की आस्थाएं जुड़ी हुई हैं व क्षेत्र का सबसे बड़ा शिवलिंग है। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्थाओं के चलते प्रत्येक वर्ष यहाँ श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। शर्मा ने कहा कि मैं भी बानसूर के गणमान्य लोगों के साथ यहाँ पहुँचा हूँ और पूजा अर्चना कर प्रदेश सहित क्षेत्र में अमन चैन भाईचारे का आशीर्वाद माँगा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि भगवान भोलेनाथ प्रदेश में मंगल रखेंगे और रामराज्य की स्थापना होगी !भगवान भोलेनाथ सभी का कल्याण करेंगे।

## महिला पत्रकार रुचि के समर्थन में उठी आवाज, कार्यवाही की मांग तेज

## सरकार का असमाजिक तत्वों को संरक्षण प्रजातंत्र के स्तंभ कमजोर प्रजातंत्र खतरे में- जोशी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** महिला पत्रकार रुचि के साथ कथित बदसलूकी और उत्पीडऩ के विरोध में पत्रकार संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। वक्ताओं ने कहा कि यदि एक महिला पत्रकार ही सुरक्षित नहीं है तो निष्पक्ष और निर्भीक मीडिया लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर पाएगा। स्वतंत्र रिपोर्टर एवं अलवर पत्रकार संघ जार के पूर्व जिलाध्यक्ष व राजगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रवक्ता देशबंधु जोशी ने बयान जारी कर कहा कि लोकतंत्र के चारों स्तंभ तभी निष्पक्ष मजबूत रह सकते हैं जब पत्रकारों को स्वतंत्र और सुरक्षित वातावरण मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ असमाजिक तत्व जातिवाद के नाम पर समाज में जहर फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अभी हाल ही में महिला पत्रकार के साथ हुई शर्मनाक घटना सोशल मीडिया पर सर्वाधिक वायरस निंदा जनक जो एक कुछ संगठित लोग महिला पत्रकार को प्रताडित्त कर रहे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही पत्रकार संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों से एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ एकता और संघर्ष ही समाधान का मार्ग है।

## भगवान शंकर सब पर अपनी कृपा दृष्टि रखते हैं:यादव

### शिव परिवार मूर्ती स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा सहित गोठ में हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा नेता ने शिव परिवार मूर्ती स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा व गोठ में गाँव बुर्जा में वरिष्ठ अधिवक्ता जगराम रावत परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया है। उन्होंने इस मौके पर भगवान भोलेनाथ परिवार का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में खुशहाली का आशीर्वाद माँगा। यादव ने कहा कि जिस बस्ती में भगवान भोलेनाथ का परिवार नहीं बिराजता वह बस्ती एक खंडर बस्ती के समान है। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर सब पर अपनी कृपा दृष्टि रखते हैं। हमारे धार्मिक ग्रंथों में तो यहाँ तक कहा गया है कि वे मृत्यु के देवता हैं, लेकिन मैं कह सकता हूँ कि भगवान भोलेनाथ जीवनदाता हैं !उन्होंने अपने जीवन की एक बात कही। यादव ने कहा कि गोठ का आयोजन क्यों किया जाता है यह एक पुरानी परम्परा है जो अनवरत चली आ रही है, जिसमें गोठिए अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं कि सर्प कैसी आवाज निकलता है सर्प के काटने पर उसे नीम क्यों दिया जाता है। लेकिन लोग समझ ही नहीं पाते तो गोठिए क्या कर सकते हैं !इस मौके पर उन्होंने बुजुर्ग महिला का आशीर्वाद लेकर और सभी को प्रणाम कर आगामी दिनों में उनके बीच उपस्थित होने का वादा किया और कोटपूतली के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जगराम रावत सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**प्राचीन शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, रात 12 बजे महाआरती तक चला दर्शन क्रम**

# राजसमंद-केलवा में महाशिवरात्रि श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद(सुरेश बागोरा )।** महाशिवरात्रि महापर्व जिलेभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। केलवा सहित राजसमंद के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा और मंदिर परिसर घंटों की ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय बना रहा।केलवा कस्बे के प्राचीन जागनाथ महादेव मंदिर, ब्रह्मगिरि महादेव मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर तथा पाटिया बामन टुकड़ा स्थित पाटिया महादेव मंदिर में विशेष सजावट की गई। मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया। पुजारियों द्वारा विधि-विधान से रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक कराया गया। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, फल-फूल और प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई भक्तों ने व्रत रखकर भजन-कीर्तन एवं शिव महिमा का गुणगान किया।ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु केलवा पहुंचे, जिससे पूरे दिन मेले जैसा माहौल बना रहा। प्रसाद, पूजा सामग्री और खिलौनों की दुकानों पर खूब रौनक रही।इधर राजसमंद मुख्यालय पर भी महाशिवरात्रि का उत्साह चरम पर रहा। कांकरोली स्थित 950 वर्ष पुराने प्राचीन शिवालय गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ा। सुबह विशेष पूजा-अर्चना के बाद भगवान शिव के निज स्वरूप का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर बाद से दर्शनों का क्रम प्रारंभ हुआ जो रात्रि 12 बजे महाआरती तक लगातार जारी रहा। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंदिर कमेटी द्वारा अतिरिक्त काउंटर लगाकर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।नगर परिषद द्वारा प्रमुख मार्गों पर साफ-सफाई करवाई गई, वहीं मंदिर संचालकों और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।हाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर राजसमंद और केलवा क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया, जहां आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।






## पीपाखेड़ी में कटी हुई गेहूं की फसल में आगजनी, धमकी भरा पत्र मिला; ग्रामीणों की सतर्कता से बड़ा नुकसान टला

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी(नि.स.)।** उपखंड के पीपाखेड़ी गांव में शनिवार शाम कटी हुई गेहूं की फसल में आगजनी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार खेत मालिक कन्हैया लाल मीणा ने फसल काटकर खेत में एक स्थान पर इक_ी रखी हुई थी। इसी दौरान अज्ञात युवक द्वारा उस कटी हुई फसल में आग लगा दी गई। हालांकि आग सीमित हिस्से में ही लगी और समय रहते ग्रामीणों की सतर्कता से उसे बुझा दिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। शनिवार शाम करीब सात बजे मुख्य मार्ग से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने खेत की ओर से धुआं उठता देखा। उन्होंने तुरंत अन्य ग्रामीणों और खेत मालिक कन्हैया लाल मीणा को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने स्तर पर धूल-मिट्टी और पत्थर डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग ज्यादा नहीं फैली थी, इसलिए शुरुआती प्रयासों में ही उस पर नियंत्रण पा लिया गया और बाद में पूरी तरह बुझा दी गई। खेत मालिक कन्हैया लाल मीणा के मौके पर पहुंचने पर वहां एक धमकी भरा पत्र भी मिला। पत्र में लिखा था कि यदि फसल इक_ी की गई तो दोबारा आग लगा दी जाएगी। इस चेतावनी के बाद गांव में चिंता और आक्रोश का माहौल है। मामले में अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने दोषी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।





## रावतभाटा में महाशिवरात्रि पर सेवा का महाआयोजनः श्री अनोखेराज हनुमान मंदिर परिसर में शिव मंडल का भव्य भंडारा

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा,(नि.स.)।** चित्तौडग़ढ़ जिले में रविवार को धार्मिक उत्साह और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय शिव मंडल द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री अनोखेराज हनुमान मंदिर परिसर में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस विशाल आयोजन में नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 5000 से अधिक लोगों को भोजन प्राप्त कराया गया। आयोजन की खास बातें निम्नलिखित रहीं: भोजन वितरण: सुबह 11 बजे से शुरू हुआ प्रसादी वितरण शाम 5 बजे तक निरंतर जारी रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव के साथ भोजन ग्रहण किया। व्यवस्था: शिव मंडल के कार्यकर्ताओं एवं श्री बजरंग व्यायामशाला के स्वयंसेवकों ने भोजन बनाने से लेकर वितरण तक की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला भंडारे की पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार वधवा ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर शुरुवात की के धार्मिक माहौल महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव मंडल द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की पूरे नगर में सराहना की जा रही है। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान रहा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, शिव मंडल हर वर्ष इस तरह के आयोजन करता है, लेकिन इस बार श्रद्धालुओं की भारी संख्या ने इसे एक बड़ा स्वरूप दे दिया है। इस दौरान पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता पूर्व सरपंच कुशाल बारेशा भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा भुवनेश नागर शिव मंडल संरक्षक हरीश राठौर हर्ष जैन अध्यक्ष गुलशन वाधवानी सिंचाई विभाग के अधिकारी आशीष जी जैन महामंत्री राहुल राठौर प्रहलाद जाट दिलीप मीणा दिनेश सेन कालू सोनी सौरभ जैन रामप्रसाद जंगम भगवती लाल जैन विनीता अग्रवाल तन्वी शर्मा रेखा लोधा पदमा सोनी डॉ वाई पी नकडा विजय अरोड़ा दिनेश रेटूदिया भवर सिंह अनिल बलसोरी आशा व्यास अंबालाल गुर्जर राजू पंजाबी ज्ञानचंद राठौर हरिमोहन राठौर आदि मौजूद रहे।



## पशुपालन मंत्री ने पाली के दौलपुरा में किया अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** पाली जिले के प्रवास के दौरान पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत धणा के ग्राम दौलपुरा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वीकृत राशि से आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसी तरह श्री कुमावत ने दौलपुरा में ही पंचायत समिति मद से 9.90 लाख रुपए की राशि से निर्मित खेल मैदान की चारदिवारी का उदघाटन किया। साथ ही विधायक कोष से स्वीकृत राशि से टयूबवैल पर लगे थ्री फेज विदुत कनेक्शन का उदघाटन किया। इसी तरह ग्राम बड़ली में टोल नाका से गांव तक 3.3 किमी. संपर्क सडक़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।

## थाना परिसर में युवक ने पीया एसिड , विवाहिता के परिजनों के साथ जाने से था नाराज

बढ़ता राजस्थान

**पाली,(नि.स.)।** विवाहिता के अपने परिजनों के साथ जाने की इच्छा जाहिर करने पर नाराज हुए युवक ने थाना परिसर में ही एसिड पी लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। 25 साल के युवक को गंभीर हालत में पाली से जोधपुर रेफर किया गया है जहां उसका उपचार जारी है। मामला पाली जिले के सुमेरपुर क्षेत्र के सदर थाना क्षेत्र से जुड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक विवाहिता की गुमशुदगी वर्ष 2025 में नवंबर माह में दर्ज हुई थी इसके बाद पुलिस ने इस मामले में अनुसंधान कर विवाहित और उसे ले जाने वाले सिरोही के 25 साल युवक को थाने लेकर पहुंची। परिजनों के सामने रूबरू होने पर विवाहिता ने उनके साथ जाने की इच्छा जाहिर की इससे साथ आया युवक नाराज हो गया। महिला के उसके परिजनों के साथ जाने के साथ ही उसने थाना परिसर के ही शौचालय में रखा ज्वलनशील पदार्थ पी लिया। कुछ देर बाद युवक की हालत बिगड़ गई थी। शौचालय से बाहर आने के बाद युवक ने पुलिस को एसिड जैसा पदार्थ पीने की जानकारी दी इसके बाद तत्काल प्रभाव से युवक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे पाली रेफर किया गया। मरीज की क्रिटिकल स्थिति देखते हो उसे पाली से प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर लाया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

# राज्य सरकार पशुपालकों के हितों के लिए कृत संकल्पित-पशुपालन मंत्री जालोर के सायला में माँ कात्यायनी देवी पशु मेले का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** जालोर जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ग्राम सायला में माँ कात्यायनी देवी पशुमेला सायला- 2026 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पशुपालन एवं गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राजस्थान राज्य पशुपालकों का प्रदेश हैं तथा राज्य सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं देश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों एवं पशुपालकों के संरक्षण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में पशु मेला का आयोजन किया जा रहा है अतः इसी क्रम में जालोर जिले के सायला ग्राम पंचायत में पशु मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशु मेलों के माध्यम से पशुपालक आर्थिक रूप से सम्पन्न होंगे साथ ही इन आयोजनों में पशुधन क्रय-विक्रय, पशुपालकों हेतु रोचक प्रतियोगिताएं एवं पशु पालन विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पशुपालन विभाग में रिक्त रहे पदों को भरा गया हैं, राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित पशु चिकित्सालयों को क्रमोन्नत किया गया हैं, पशुपालकों को पशुओं के इलाज हेतु पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं, मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 के माध्यम से निशुल्क इलाज घर-घर जाकर किया जा रहा हैं, पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी रोग के बचाव हेतु 1 करोड़ 8 लाख पशुओं का वैक्सीनेशन किया गया, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं का बीमा पशुपालकों को लाभान्वित किया जा रहा हैं, किसानों को बैलों से खेती करने हेतु 30 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि सहायता स्वरूप प्रदान की जा रही हैं, राज्य सरकार द्वारा सेक्स सॉर्टेड सीमन प्रोग्राम के अंतर्गत पशुपालकों को लाभान्वित कर रही हैं एवं गौ-पालक कार्ड के माध्यम से सहायता दी जा रही हैं, नागरिकों को गौशाला के निर्माण हेतु अनुदान सहायता दी जा रही हैं तथा उष्ट्र संरक्षण योजना में ऊंटपालकों को सहायता स्वरूप 20 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग में इस अवसर पर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पशुधन संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसके फलस्वरुप किसानों एवं पशुपालकों को जीवनयापन हेतु आमदनी प्राप्त होती हैं। राज्य सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभवित किया जा रहा हैं, उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पशुपालक इस मेले में लगी विभिन्न राजकीय विभागों के स्टॉल्स के माध्यम से पशुपालन हितैषी योजनाओं का लाभ उठाएं।
इस अवसर पर पशुपालन विभाग जालोर के संयुक्त निदेशक एवं मेला अधिकारी डॉ. गिरधर सिंह सोढ़ा ने बताया में 16 व 18 फरवरी को स्थानीय एवं राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकारों के द्वारा सायं 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा एवं मेले में विकास प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि माँ कात्यायनी देवी पशुमेला सायला-2026 के दौरान 16 फरवरी को बकरा, बकरी, नर व मादा भेड़, 17 फरवरी के मादा व नर ऊँट, दुधारू गाय व गौ वंश साण्ड, 18 फरवरी को भैंस, बछड़ी, भैंसा सांड व बछेड़ा, 19 फरवरी को घोड़ा व घोड़ी पशु प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा अंतिम दिवस 19 फरवरी को पारितोषिक वितरण किया जायेगा।

## राजस्व मण्डल के नए भवन के लिए 150 करोड़ की स्वीकृति पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अधिवक्ताओं ने जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा बजट वर्ष 2026-27 में राजस्व मण्डल के नवीन भवन के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिए जाने के ?तिहासिक निर्णय पर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के निवास पर राजस्थान रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सा$फा व माला पहनाकर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि राजस्व मण्डल प्रदेश की सर्वोच्च राजस्व न्यायिक संस्था है। ये वर्षों पुराने और जर्जर भवन में संचालित हो रहा था। इससे अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा दूर-दराज से आने वाले वादकारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसके लिए अब 150 करोड़ रुपये के बजट आवंटन से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन का निर्माण संभव हो सकेगा।अधिवक्ता संघों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने राजस्व मण्डल के नवनिर्माण की आवश्यकता को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखते हुए निरंतर प्रयास किए। इसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप राज्य सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। नए प्रस्तावित भवन में आधुनिक न्यायालय कक्ष, अधिवक्ताओं के लिए सुविधाजनक चैंबर, डिजिटल रिकॉर्ड प्रणाली, पर्याप्त पार्किंग सुविधा तथा आमजन के लिए सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इससे न्यायिक कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि होने के साथ प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर अधिवक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने राजस्थान सरकार का भी आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि राजस्व मण्डल का नवनिर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर समयबद्ध रूप से पूर्ण होगा और यह संस्था भविष्य में एक आधुनिक, सक्षम एवं जनहितैषी न्यायिक केंद्र के रूप में प्रदेश की सेवा करेगी।

## राजस्थान की सबसे उम्रदराज बाघिन 21 साल 5 माह की महक के लिए खोजा साथी बाघ टी-2047

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** प्रदेश की सबसे उम्रदराज बाघिन महक कोटा के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में बीते डेढ़ साल से अकेली है। जिसके लिए साथी ढूंढा जा रहा है। साल 2004 में 28 अगस्त को बाघिन चंदा ने चार शावकों को जन्म दिया था। उसमें रंभा, महक, गौरी और रुद्र शामिल थे। इनमें केवल बाघिन महक ही जीवित है। उसकी बहन रंभा की मौत 21.4 वर्ष की उम्र में 15 दिसम्बर 2025 को हुई जिसके बाद महक राजस्थान में सबसे उम्र दराज बाघिन है। बाघिन महक को जयपुर जू से कोटा फरवरी 2012 में लाया गया था। इसके बाद जुलाई 2017 में उसे वापस जयपुर शिफ्ट कर दिया गया था। जहां पर उसका जोड़ा बाघ नाहर के साथ बन गया था वहीं 1 मार्च, 2023 को दोनों को कोटा शिफ्ट कर दिया गया था। जिन्हें कोटा के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में रखा गया था। बाघ नाहर का जन्म 2 अक्टूबर, 2006 को भोपाल के वन विहार में हुआ था, उसकी 9 अगस्त 2024 को मौत हो गई थी. तब से ही महक कोटा में अकेली रह रही है। उसके लिए जोड़े की तलाश आरटीआर में की जा रही है। कोटा के उपवन संरक्षक वन्यजीव अनुराग भटनागर का कहना है कि केप्टिविटी में रखे हुए टाइगर टी 2407 के संबंध में जानकारी मिली थी। ऐसे में उन्होंने रणथंभौर टाइगर रिजर्व से इस टाइगर को अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में शिफ्ट करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिख दिया है। जहां से एनटीसीए को पत्र भेजा गया है एनटीसीए की परमिशन आ जाने के बाद इसे शिफ्ट किया जा सकता है वहीं रणथंभौर टाइगर रिजर्व प्रबंधन भी इस टाइगर को शिफ्ट करने के लिए सहमत है। उन्होंने भी इस तरह का पत्र में वाइल्डलाइफ वार्डन को भेजा हुआ है। इसके बाद 21 साल 5 माह की बाघिन का साथी युवा बाघ बन सकता है।

## 500 - 1000 रूपए की उधारी के लिए साथी मजदूर की हत्या

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** नांता थाना क्षेत्र पत्थर मंडी में आज दो मजदूरों के बीच 1000 500 को लेकर विवाद हो गया । दोनों एक ही साइड पर काम करते थे और पास पास साइड पर बनी टापरी में रहते थे दोनों ने साथ में शराब पी और पैसों को लेकर झगड़ा हो गया .साथी मजदूर को पत्थर मापने के औजार गुनिया से हमला कर घायल कर दिया । हमले में घायल मजदूर रमेश पुत्र देवीलाल उम्र 40 वर्ष की मृत्यु हो गई। मृतक पिपलिया चौराहा झालावाड़ निवासी था सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस द्वारा घायल को जिला एमबीएस अस्पताल कोटा में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मजदूर रमेश को मृत घोषित कर दिया। मौके पर सूचना अधिकारी घीसा सिंह एएसआई ने बताया की पैसों को विवाद लेकर विवाद हो गया था इसके बाद साथी मजदूरों अभियुक्त परमा पुत्र हीरालाल निवासी झालावाड़ ने गुनिया से हत्या कर दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोटा मंडल में वाणिज्यिक अनुबंधों की निगरानी अब 'एक क्लिक' पर, एकीकृत ई-पोर्टल/ऐप का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में नवपदस्थापित प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री अरविंद कुमार रजक ने अपने मंडलीय निरीक्षण के दौरान वाणिज्य विभाग की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं एवं अनुबंध-प्रबंधन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण का उद्देश्य मंडल में संचालित वाणिज्यिक गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए निगरानी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना था। निरीक्षण के दौरान खानपान, पार्किंग, पार्सल, सफाई, पे-एंड-यूज़ तथा व्यय से संबंधित विभिन्न वाणिज्यिक अनुबंधों की समीक्षा की गई। अनुबंधों की प्रगति, अनुपालन एवं निरीक्षण विवरण की सतत मॉनिटरिंग को सरल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए विकसित एकीकृत ई-पोर्टल/ऐप का शुभारंभ प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा किया गया। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म विभिन्न अनुबंधों की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति को संक्षिप्त 'एट-ए-ग्लांस' स्वरूप में उपलब्ध कराएगा, जिससे समयबद्ध निगरानी एवं नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री अरविंद कुमार रजक ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम से अनुबंध-प्रबंधन प्रणाली अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बन सकेगी। उन्होंने आवश्यक संशोधनों एवं तकनीकी उन्नयन के साथ इस प्रणाली को भविष्य में क्षेत्रीय स्तर पर विस्तारित करने के संकेत भी दिए। निरीक्षण क्रम में उन्होंने मंडल की प्रमुख वाणिज्यिक इकाइयों—गुड्स साइडिंग, बुकिंग कार्यालय, यार्ड तथा पार्सल कार्यालय आदि—का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री विनोद कुमार मीना , मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री किशोर कुमार पटेल एवं श्री गजेन्द्र कुमार त्रिवेदी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री जितेन्द्र सिंह सोहल एवं श्री अमित वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# वित्त वर्ष 2026-27 का बजट विकासशील, राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने में मील का पत्थर साबित होगा - यूडीएच मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर नगरीय विकास, आवास एवं स्वायत्त शासन (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को सर्किट हाउस, सीकर में पत्रकार वार्ता की। मंत्री खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट विकासशील राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट राज्य के समग्र एवं सतत विकास को सुनिश्चित करेगा तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को मजबूती प्रदान करेगा।
उन्होंने बताया कि यह बजट महिला, युवा, मजदूर, वंचित वर्ग, किसान सहित समाज के सभी तबकों के कल्याण के लिए समर्पित है। शेखावाटी क्षेत्र की वर्षों पुरानी लंबित मांग को पूरा करने के लिए यमुना नदी का जल लाने की परियोजना के लिए 32 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही सीकर-झुंझुनूं क्षेत्र में नए एयरपोर्ट की स्थापना के लिए सर्वेक्षण करवाया जाएगा। खाटूश्यामजी में हेरिटेज वॉकवे एवं मॉडल रोड की स्वीकृति दी गई है। शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के लिए आगामी दो वर्षों में 200 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। सीकर में 10 करोड़ रुपये की लागत से नया यूआईटी भवन निर्मित होगा। साथ ही 25 करोड़ रुपये की लागत से कल्याण सर्किल से नवलगढ़ रोड फ्लाईओवर में एडजॉइन अप्रोच ओवरब्रिज की स्वीकृति प्रदान की गई है। यूडीएच मंत्री ने बताया कि बजट में पूंजीगत व्यय (इंफ्रास्ट्रक्चर विकास) के लिए 53,978 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2023-24 की तुलना में दोगुना से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय पहली बार 2 लाख 2 हजार रुपये से अधिक होने की संभावना है, जो 2023-24 की तुलना में 21.15 प्रतिशत अधिक है। यह बजट नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार, औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन, मानव संसाधन का सशक्तिकरण, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, हरित विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के मजबूत स्तंभों पर आधारित है।

### खाटूश्यामजी में अधिक पार्किंग शुल्क वसूली पर जिला प्रशासन लेगा संज्ञान

खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के मेले के दौरान निजी पार्किंग संचालकों द्वारा अधिक राशि वसूलने की शिकायतों पर मंत्री खर्रा ने कहा कि जिला प्रशासन इसकी जांच कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेगा। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। निजी पार्किंग की दरें निर्धारित की जाएंगी तथा अधिक वसूली बिल्कुल नहीं होने दी जाएगी। अवैध पार्किंग संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर धोद विधायक गोरधन वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# आरजीएचएस घोटाला : भरतपुर-डीग के 6 चिकित्साकर्मी सस्पेंड

## लाभार्थियों से एसएसओ आईडी-पासवर्ड लिए, खुद की फार्मेसी से दवाइयां दिखाकर क्लेम उठाया

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** आरजीएचएस में कार्ड से फर्जी क्लेम उठाने और दवाओं के बिल में गड़बड़ी के आरोप में भरतपुर-डीग के 6 चिकित्साकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। घोटाले में सरकार को लाखों रुपए की चपत लगी है। जांच में सामने आया कि लाभार्थियों के एसएसओ आईडी-पासवर्ड लेकर बिना पूर्व अनुमोदन टीआईडी जनरेट किए गए। इलाज के बाद अपनी ही फार्मेसी से दवाइयां व जांचें पोर्टल पर एडजस्ट कर भुगतान उठाया गया। फर्जी बिल बनाकर क्लेम पास करवाए गए। राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में घोर अनियमितताओं के इस मामले में राज्य स्तर से बड़ी कार्रवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग ने शनिवार को निलंबन आदेश जारी किए।

### निदेशालय ने जारी किए अलग-अलग आदेश

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के निदेशक (अराजपत्रित) ने आदेश जारी कर सभी 6 कार्मिकों को निलंबित किया है। विभागीय जांच प्रस्तावित होने के कारण निलंबन आवश्यक बताया गया है। सभी कर्मचारियों का मुख्यालय संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जोन भरतपुर रखा गया है। साथ ही भरतपुर के एक नर्सिंग होम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए गए हैं।

### लाभार्थियों के कार्ड से ऐसे हुआ फर्जीवाड़ा

राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सीईओ हरजीलाल अटल के अनुसार जांच में कई बातें सामने आई है।

- कशिश फार्मेसी और एक निजी नर्सिंग होम की मिलीभगत
- बिना पूर्व अनुमोदन के आरजीएचएस सुविधा देने का लालच
- मरीजों के स्स्ह आईडी-पासवर्ड लेकर टीआईडी जनरेट
- इलाज के बाद अपनी ही फार्मेसी से दवाइयां/जांच दिखाना
- फर्जी बिल बनाकर क्लेम स्वीकृत करवाने की कोशिश
- हॉस्पिटल को पहले ही डी-एम्पेनल किया जा चुका है, अब एफआईआर दर्ज की जा रही है।

### ये कर्मचारी हुए सस्पेंड

- मंजू कुमारी - सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, उप स्वास्थ्य केन्द्र नगला माय (भरतपुर)
- सत्यप्रकाश छावड़ी - नर्सिंग ऑफिसर, राजकीय उप जिला चिकित्सालय बयाना
- सुरेश चंद गुप्ता - नर्सिंग ऑफिसर, आरबीएम चिकित्सालय भरतपुर
- किशन देई - महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, उप स्वास्थ्य केन्द्र कुचावटी (डीग)
- मीना कुमारी चौधरी - महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, उप स्वास्थ्य केन्द्र खुडासा (भरतपुर)
- सौरभ कुमार रावत - नर्सिंग ऑफिसर, आरबीएम अस्पताल भरतपुर

### आधी सैलरी मिलेगी, जांच जारी

निलंबन अवधि में कर्मचारियों को नियमानुसार वेतन का 50% निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। दोष सिद्ध होने पर कड़ी विभागीय कार्वाई की जाएगी।



**पहले भी हो चुकी कार्रवाई**-दवाइयों के नाम पर काजू-बादाम और घरेलू सामान लेने के मामले सामने आ चुके हैं।

**अब तक 2 डॉक्टर समेत 3 जनों पर एफआईआर**

-500 कर्मचारियों के आरजीएचएस कार्ड ब्लॉक
- 13 डॉक्टरों के बयान जयपुर में दर्ज
-7 पुलिसकर्मी और 2 प्रोफेसर पहले निलंबित

शिक्षा विभाग ने भी भरतपुर के 6 व डीग के 2 कार्मिक सस्पेंड किए।

# महाशिवरात्रि पर सजे बाबा के मंदिर,सुबह से ही मंदिरो पर श्रद्धालुओं की भीड़

### सोमेश्वर महादेव और विट्ठलनाथ मंदिर पर हुआ विशेष श्रृंगार




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** रविवार को महाशिवरात्रि पर भोले के मंदिरों पर सुबह से ही श्रद्धा का सैलाब उमड़ा दिखाई दिया। शहर के विभिन्न मंदिरों पर महिला और युवतियों के साथ श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिखाई दी। ऐसे में भक्तो ने भोलेनाथ को जहां उनकी प्रिय आक,धतूरा,बेर, बेलपत्र, दही के साथ सिंघाड़े की लापसी का भोग लगाया वही मनवांछित फल की प्राप्ति के लिए जल,गंगाजल से अभिषेक किया। जल्द विवाह और मनवांछित वर की प्राप्ति को लेकर किशोरी बालिकाएं भी भोलेनाथ की पूजा में जुटी रही। शहर के कई मंदिरों पर इस दौरान विशेष आयोजन हुए। विठ्ठला मंदिर से जुड़े पवन चंसौरिया ने बताया कि हर वर्ष मंदिर पर महाशिवरात्रि के दिन विशेष आयोजन किया जाता है। इस बार भगवान विट्ठलनाथ के मंदिर को फूलों से सजाया गया है। जहां शाम को भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं कमलेश्वर महादेव से जुड़े श्रद्धालु विद्या पाराशर ने बताया कि हर बार कमलेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि को विशेष आयोजन होता है। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जमा है। ऐसे में पूजा अर्चना के बाद जहां अभिषेक का कार्यक्रम हुआ वहीं शाम को भजन संध्या भी रखी गई है।

वहीं शहर के भूतेश्वर मंदिर बालेश्वर महादेव मंदिर,सोमेश्वर महादेव मंदिर,पोद्दार बगीची महादेव मंदिर,मनोहर दास महादेव मंदिर के साथ तुलसीवन स्थित महाकाल के मंदिर पर भी विशेष आयोजन किये गए। सुबह 5 बजे से जारी मंदिरों में भोलेनाथ की पूजा का दोपहर में 03 बजे तक जारी रहा। इसके बाद मंदिरों की साफ सफाई की गई है शाम के वक्त फूल बंगला झांकी एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# ट्रेलर के केबिन में आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान:अंदर सो रहा था, धुआं हुआ तो जागा; वाहन जलकर राख



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/भुसावर( घनश्याम अवस्थी ) ।** भरतपुर के भुसावर थाना इलाके में एक खड़े ट्रेलर में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान ड्राइवर केबिन में सो रहा था। केबिन में शार्ट सर्किट हुआ और धुआं उठने लगा। तब ड्राइवर केबिन से कूदकर भागा और अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश लेकिन, काबू नहीं पाया जा सका।

भुसावर एसएचओ राम दयाल मीणा ने बताया कि घटना बझेरा खुर्द गांव की है। ट्रेलर चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा इलाके से आ रहा था। जिसमें सीमेंट के कट्टे भरे हुए थे। ड्राइवर को सीमेंट के कट्टे सिरस बझेरा गांव स्थित सीमेंट की एजेंसीज में उतारने थे लेकिन, लेबर नहीं मिलने के कारण ड्राइवर ने ट्रेलर बझेरा खुर्द गांव में खड़ा कर दिया। ट्रेलर को खड़ा करने के बाद ड्राइवर केबिन में सो गया।

### केबिन से कूद कर भागा

अचानक केबिन में शार्ट सर्किट हुआ और, केबिन से धुआं निकलने लगा। जलने की बदबू से ड्राइवर नींद से जागा और, केबिन से कूदकर भागा। उसने शोर मचाया। ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हो गए। कुछ देर बाद केबिन से आग की लपटें निकलने लगी। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन, आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

### नदबई से आई दमकल ने बुझाई आग

ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी लेकिन, भुसावर की दमकल खराब थी जिसके बाद नदबई से दमकल की गाड़ी को बुझाया गया। तब जाकर दमकल की गाड़ी ने आग को बुझाया। घटना में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह से जल गया।

# भाजपा नगर अध्यक्ष के घर में लगी आग, सोलर प्लांट की मशीन में हुआ शार्ट सर्किट

### समय रहते चला पता तो लोगो के सहयोग से पाया काबू

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की फरसा कॉलोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी की नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे के घर में रविवार को सुबह 11 बजे के करीब अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग लगने की यह घटना सौर सेल पैनल के स्टार्टर में हुई बताई गई है। जिसके बाद समूचे तारों और आसपास लगे सिस्टम,मशीनरी ने आग पकड़ ली। जब धुंआ के साथ आग की लपटे उठी तो नगर अध्यक्ष सहित परिवारजनों को जानकारी हुई।

इसके बाद आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग भी एकत्रित हो गए। जिन्होंने सूझबूझ से बिजली सप्लाई को बंद कर आग पर काबू पाया। इसकी सूचना फायर स्टेशन को भी दी गई जहां से आई दमकल घर से कुछ दूरी पर ही रुक गई। क्योंकि घर तक पहुंचाने का रास्ता सकरा बताया गया। लोगों ने अपने स्तर पर ही आग पर काबू पा लिया। वंदना शिवहरे ने बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले ही सोलर प्लांट लगवाया है। जिसमे लिथियम से जुड़ी दो बड़ी बैटरी और दो इन्वर्टर लगे हुए है। इसमे प्लानिंग यह की गई,कि आवश्यकता से अधिक बिजलीं डिस्कॉम को सप्लाई होती है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में उमड़े भक्त

## भगवान शिव का दूध, दही, शहद व गंगाजल से किया अभिषेक

### गाजर बेर व पकवानों का लगाया भोग

बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** बयाना कस्बा सहित पूरे उपखंड क्षेत्र में रविवार को भगवान भोलेनाथ की भक्ति का त्यौहार महाशिवरात्रि पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन शिव मंदिरों में खास रौनक देखने को मिली । जगह जगह शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़?ता दिखाई दिया। मंदिरों में सुबह से ही बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे ।भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। बयाना के ऐतिहासिक किले पर स्थित प्राचीन पहाड़ेश्वर शिव मंदिर में भक्तों ने रामायण पाठ के साथ विशेष धार्मिक आयोजन भी किया। भगवान महादेव का विशेष श्रृंगार कर फूल बंगला झांकी सजाई गई । पहाड़ी पर चढ़कर सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम बना रहा। रात को शिव खप्पर पूजा और चार पहर की पूजा भी की गई । इसी तरह डांग इलाके के गांव नवलापुरा स्थित महाकाल मंदिर पर शिवरात्रि पर्व की धूम मची रही ।राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर संत रुद्रनाथ महाकाल विशाल महाराज के सानिध्य में रुद्राभिषेक किया गया। इसके साथ ही शहर के बामडा मंदिर, अनाज मंडी पार्क स्थित शिवालय, पंचायत समिति शिवालय, बजरिया चौराहा स्थित धूलेश्वर महादेव, गोलेश्वर महादेव सहित तमाम मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी रही। भक्त भगवान शिव को आक, धतूरा, बिल्वपत्र, फल- फूल, मिष्ठान अर्पित कर सुखी समृद्ध जीवन की कामना करते दिखाई दिए। नव विवाहित दंपत्तियों ने समूह में मंगल गीत गाते हुए भगवान शिव को जल से भरा कलश चढ़ाए। इसके साथ ही ग्रामीण इलाकों में सौरोंजी से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। वहीं श्रद्धालु व्रत उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहे। रात को कई मंदिरों में शिव जागरण के कार्यक्रम भी हुए।



# सीताराम गुप्ता ने किया सोहम मेडिकल एवं लैब का शुभारम्भ

### भरतपुर की स्वास्थ्य सेवाओं में जुड़ा एक नया अध्याय



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर शहर के कन्नी गुर्जर चौराहा स्थित सोहम मेडिकल एवं लैब का भव्य शुभारम्भ आज अत्यंत उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, उद्योगपति, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नए प्रतिष्ठान के उद्घाटन के साथ भरतपुर की स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और आधुनिक जाँच सुविधाओं का एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। समारोह के मुख्य अतिथि श्री सीताराम गुप्ता, निदेशक - समृद्ध भारत अभियान ने दीप प्रज्वलन और रिबन काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा 'स्वास्थ्य सेवाएँ समाज का आधार स्तम्भ हैं। सोहम मेडिकल एवं लैब न केवल आधुनिक मशीनों से सुसज्जित है, बल्कि यहाँ प्रशिक्षित एवं सेवा-भावी टीम के माध्यम से जनता को सटीक और समयबद्ध जाँच उपलब्ध होगी। भरतपुर जैसे तीव्र गति से विकसित हो रहे जिले में इस प्रकार का संस्थान जनता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।'

उन्होंने निदेशक पवन खत्री व उनकी टीम को समाजहित में किए जा रहे प्रयासों के लिए बधाई दी। संस्थान के निदेशक पवन कुमार ने अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत करते हुए बताया कि 'एकम फार्मेसी एवं लैब की सफलता और जनता के विश्वास ने हमें स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तारित करने की प्रेरणा दी। सोहम मेडिकल एवं लैब का उद्देश्य त्वरित एवं विश्वसनीय जाँच, अत्याधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित तकनीशियन, किफायती सेवा तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के मरीजों को सहज पहुँच उपलब्ध कराना है। हमारा प्रयास रहेगा कि भरतपुर की जनता को वही गुणवत्ता मिले जिसके लिए उन्हें बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता था।' कार्यक्रम में जिले के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिन्होंने नई स्वास्थ्य इकाई की स्थापना को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

विशिष्ट अतिथियों में बृजराज लाल गुमा - सूरज मोटर्स, नैनू राम - एकम, शिव सिंह राघव - रू.श्व.रू. दिलीप गुर्जर, विजय सिंह - जिला मंत्री, क्क्षक्क शिवचरण, कृष्णा कुमार, अजयराज सिंह शामिल रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर डीग शहर में बैंड बाजो के साथ निकाली गई भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा

### शिवालयों में उमड़ा जन सैलाब, भक्तों ने कावड़ में गंगा जल लाकर भोलेनाथ का किया अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले में रविवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

डीग शहर में मुख्य बाजार स्थित नील कंठेश्वर महादेव, रूपेश्वर महादेव, गंजेश्वर महादेव, दरी वेंश्वर ,बिजलेश्वर महादेव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र में प्राचीन चोमैदा महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों पर प्रात: से ही पूजा और दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए शिवालयों में पहुंचे।

भक्तों ने कावड़ लाकर भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं ने जल और पंचामृत से भोलेनाथ का अभिषेक कर बेलपत्र, आक, धतूरा, पुष्प, चंदन और फल आदि अर्पित किए।

महाशिवरात्रि पर्व पर किन्नर बेबी राजपूत द्वारा डीग शहर में बैंड बाजो के साथ भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।जो शहर के बड़े कुम्हार मोहल्ला से शुरू होकर पुरानी सब्जी मंडी घंटाघर लोहा मंडी नई सड़क पुराना बस स्टैंड गणेश मंदिर पुरानी अनाज मंडी लक्ष्मण



मंदिर सराफा बाजार होते हुए संपन्न हुई। शोभायात्रा में आकर्षक ढंग से सजे हुए रथ पर भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी सजाई गई थी ।जिसके आगे बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं भगवान भोलेनाथ के भजन गाती हुई और नृत्य करती हुई चल रही थी। शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई और भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी गई।

# पुलिस की तत्परता ने बच्ची को परिजनों से मिलाया

बढ़ता राजस्थान

**रुपवास/भरतपुर** (श्याम सुंदर कौशल)। कस्बे के मेला मैदान में परिजनों से बिछड़ी बच्ची को पुलिस की तत्परता ने परिजनों से मिला दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगरा से ओमप्रकाश का परिवार ट्रेन में सवार होकर रूपवास पहुंचा। जहां से इस परिवार के लोग मेला मैदान के मुख्य द्वार के पास खड़े हो गए। वहीं इस परिवार मे से निहाल सिंह फल देने के लिए बाजार की ओर चला गया। इसी के पीछे-पीछे बालिका मुस्कान भी चलती चली गई। जिसके बारे में अन्य परिजन जो मेला मैदान के मुख्य द्वार पर खड़े थे उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। निहाल सिंह बाजार से फल लेकर वापस आ गया। जिस पर यह परिवार नगला समाहद जाने के लिए तैयार हो गए। लेकिन मुस्कान को न देख परेशान हो गए। इस पास ढूंढने पर भी मुस्कान का कोई पता नहीं चल सका। जिस पर परिजनों ने इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी। जिस पर थानाधिकारी विनोद मीणा ने तत्परता दिखाते हुए थाने पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच करवाने के साथ बच्ची मुस्कान को लेकर स्थानीय वाट्सअप ग्रुपों पर भी सूचना डलवा दी। जिस पर कई कैमरों में बच्ची मुस्कान दिखाई दी। पुलिस ने टीम बनाकर तलाश करना शुरू कर दिया। जिस पर जानकारी मिली कि मुस्कान निकट के गांव औडेल जाट में पहुंच गई है। थानाधिकारी विनोद मीणा औडेल जाट गांव जाकर मुस्कान को थाने पर लेकर आए। जहां थानाधिकारी विनोद मीणा ने मुस्कान को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिस काफी समय से परेशान परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।



### 18 फरबरी को हलैना में होगा किसान सम्मेलन

# पोस्टर का हुआ विमोचन तैयारिया जोरो पर

### जहानपुर और मौलोनी , इरनिया में किया जनसम्पर्क

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/हलैना ( घनश्याम अवस्थी )।** किसानों की समस्याओं को लेकर आगामी 18 फरबरी को कस्वा हलैना में होने वाले किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन ग्राम जहानपुर में आयोजित बैठक में मौजूद किसानों किया ।

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने अपने जनसम्पर्क अभियान में कहा कि वगैर सिंचाई पानी के किसान परेशान है ' गहरे ट्यूबवैल भी सूख चुके है , खेती की लागत बढ़ने से खेती घाटे का काम हो गया है और किसान कर्ज में डूब गया है ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा इआरसीपी का जयपुर में उदघाटन करने के बाद भी इस योजना को अभी तक राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया है जबकि योजना की लागत बढ़कर 70 हजार करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में हुई ओलाबृष्टी के मुआबजे का भी सम्पूर्ण किसानो को मुआवजा नहीं मिला है । जिले में नौजवान बेरोजगार घूम रहे है कोई उद्योग धन्धा नही है जिसकी बजह से गरीबी बढ़ रही है ।

किसान सम्मेलन में अपने जीवन को सौ वर्ष पूरे करने पर शताब्दी पुरुष और भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का भी सम्पूर्ण क्षेत्र की और से नागरिक अभिनंदन किया जायेगा ।

सम्मेलन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज्य सभा सांसद रामजीलाल सुमन ' जाने माने हरियाणा और पंजाव के किसान नेता गुरुनाम सिंह चढूनी ' पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ' किसान नेता इन्दल सिंह जाट सहित अनेक किसान नेता भाग लेगे ।

जनसम्पर्क में टीकम नेता ' अतर सिंह सरपंच पूर्व ' अमर नाथ योगी ' रामेश्वर पंड़ित . मान सिंह मास्टर ' प्रेम सिंह ' जगन जाटव ' सुखचन्दी जाटव ' भोगी जाटव ' लाल चन्द ' श्री चन्द साहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

## तरनावो का खेड़ा को ग्राम पंचायत बनने पर क्षेत्रीय विधायक का ग्रामीणों ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अनुशंसा पर ग्राम तरनावो का खेड़ा को ग्राम पंचायत बनने पर ग्रामवासियों द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया।इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा विधायक अर्जुनलाल जीनगर का ग्राम के बस स्टैंड पर मालाओं एवं पुष्प वर्षा कर उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी,ग्राम पंचायत मुंगाना सरपंच प्रतिनिधि कैलाशचंद्र, कैलाशचंद्र जाट गोदियाना,युवा नेता दिनेशचंद्र जाट सुरपुर,बूथ अध्यक्ष कन्हैयादास वैष्णव,गोर्वधनलाल जाट,प्रकाशचंद्र जाट,संपत जाट,राजकुमार लोहार, महेश भील,नारायणलाल गाडरी,किशनलाल जाट, सुंदरलाल शर्मा,वासुदेव शर्मा,माधवलाल गाडरी, प्रकाशचंद्र गाडरी,माधवलाल रेगर,नंदलाल रेगर,प्रभुलाल रेगर,लेहरूलाल रेगर,प्रहलाद रेगर,रतनलाल रेगर,नानूराम रेगर,पिंटू रेगर,देवीलाल रेगर,ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वरलाल जाट आदि गणमान्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## साधुमार्गी जैन संघ कपासन की नवीन का सर्वसम्मति से हुआ गठन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ कपासन की सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसमे कार्यकारिणी के विभिन्न पदों हेतु पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया। अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ कपासन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण चंडालिया ने बताया की सर्वसम्मति से गठित अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ कपासन की नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक अशोक बाघमार,संघ के उपाध्यक्ष पद पर पूर्व नगर पालिका कपासन अध्यक्ष गजेन्द्र बाघमार,भूपेश,



महामंत्री मुकेश सिरोया,मंत्री चंद्रप्रकाश चंडालिया, कोषाध्यक्ष राजेश बाघमार,कार्यकारिणी सदस्य संपतलाल हिंगड़,मदनलाल दुग्गड़,मदन चंडालिया, रूपलाल चंडालिया,अनिल सांखला,सुवालाल सिरोया सहित प्रभारी समता भवन अरुण बाघमार,जैन पाठशाला संजय मारवाड़ी,समता शाखा अनिल चंडालिया,सुरेश दुग्गड़,दान पेटी जसवंत भंडारी,विहार सेवा अनिल चंडालिया,धार्मिक परीक्षा हेतु सुनील चंडालिया का मनोनयन कर नियुक्त किया गया।

## कोली समाज विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में द्वितीय नर्मदा जल कलश यात्रा सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** कोली समाज विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में द्वितीय नर्मदा जल कलश यात्रा एवं महिला जागृति समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। महिलाओं ने सिर पर मां नर्मदा का जल कलश धारण कर तीन किलोमीटर नंगे पैर चलकर महाअभिषेक किया। सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि नर्मदा जल अमरकंटक (मध्यप्रदेश) से लाया गया था, जिसे मिट्टी व स्टील के कलशों में भरकर महिलाओं ने धारण किया। यात्रा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, कोली मोहल्ला से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बढलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। अध्यक्ष ओमप्रकाश सुनारिया ने बताया कि महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। कार्यक्रम में महिला शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक नेतृत्व पर बल दिया गया। अंत में पंडित रामचंद्र मंडिया ने महाआरती एवं प्रसाद वितरण कराया।

भगवान व पीपल माता के पाणिग्रहण संस्कार में उमड़े श्रद्धालु,

## भजनों पर झूमे बाराती, वधू पक्ष में की अगवानी, दो पीपल का हुआ विवाह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** बूढला बालाजी मंदिर में भगवान व पीपल माता का पाणिग्रहण संस्कार विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोचार के साथ विधि विधान से संपन्न हुआ। पीपल माता को ब्याहने के लिए गांव खणदेवत के श्री चारभुजा नाथ मंदिर व सीदडा के राधा गोपाल मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भगवान बरात लेकर पहुंचे। वधू पक्ष स्थल पर पहुंचने पर भगवान की बारातों की वधू पक्ष के लोगों ने विधि विधान से अगवानी की। इस दौरान बारात में शामिल बाराती भजनों की धुनों पर जमकर नृत्य करने लगे। पूरा क्षेत्र भगवान के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद तोरण की रस्म के संपन्न हुई। कन्या पक्ष के नाथूलाल जैन व राकेश जैन ने पीपल माता का कन्या दान किया। इस अवसर पर विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पीपल माता व भगवान का पाणिग्रहण संस्कार करवाया। इस अवसर पर श्रृंगी ऋषि पीठाधीश्वर प्रेमदास त्यागी महाराज, सुंदरदास महाराज व ब्रह्मचारी रामशरण दास महाराज सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# देवाधिदेव महादेव की आराधना एवं उपासना को समर्पित पवित्र 'महाशिवरात्रि ' पर्व पर कपासन के शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

### प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर हर हर महादेव के जयकारो से हुआ श्रद्धापूर्वक भक्ति का संचार





बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** देवाधिदेव महादेव की आराधना एवं उपासना को समर्पित पवित्र पावन पर्व 'महाशिवरात्रि' पर क्षैत्र में स्थित समस्त शिवालयों पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों सहित शिवजी की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं द्वारा प्रत्येक ह्रदय में शांति,हर पथ में मंगल का संचार एवं चहुंओर और खुशहाली की कामना की गयी।

जानकारी अनुसार देवाधिदेव अखंड ब्रह्मांड के राजा महादेव की आराधना एवं उपासन को समर्पित पवित्र व पावन महाशिवरात्रि महापर्व को कपासन विधानसभा क्षेत्र में स्थित समस्त शिवालयों पर धूमधाम एवं हर्षोंल्लास सहित उत्साहपूर्वक मनाया गया।जिसके तहत महाशिवरात्रि महापर्व पर रविवार अलसुबह से बड़ी संख्या में शिवालयों पर भक्तों एवं श्रद्धालुओं की शिवजी की पूजा-अर्चना एवं आराधना इत्यादि धार्मिक अनुष्ठानों हेतु रेलमपेल शुरू हो गयी।जो दिनभर बनी रही।जिसमे भक्त एवं श्रद्धालु शिवशंभू भोलेनाथ के दर्शनार्थ कतारों में लगे रहे।इसके उपरांत सांयकाल महादेव को सभी शिवालयों एवं देवालयों में आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार कराया गया।जिसके दर्शनों हेतु रात्रि तक शिवालयों पर भक्तों का हुजूम बना रहा।

इधर महाशिवरात्रि महापर्व के अवसर पर देवाधिदेव महादेव के दर्शनार्थ कतार में लगे भक्ति एवं श्रद्धालुओं द्वारा उत्साहपूर्वक हर हर महादेव, ? नमः शिवाय,जय कालों के काल महाकाल की,जय भोले,जय बाबा बर्फानी इत्यादि शिवजी की भक्ति से ओतप्रोत जयकारे शिवालयों में गुंजायमान रहे।जिससे श्रद्धाभाव के साथ चहुंओर भक्ति का संचार होता रहा। यहां मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव,साण्डेश्वर महादेव (ताणा),झाड़ेश्वर महादेव (राशमी) सहित नगर पालिका कपासन क्षेत्र में स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव,राजराजेश्वर बड़ा तालाब किनारे स्थित श्री मोक्षधाम महादेव,श्री सांवलिया महादेव,कावडिया मंदिर,गुलाब सागर किनारे श्री नंदीश्वर महादेव,रोकडिया हनुमान मंदिर, पिपलेश्वर महादेव,खारी बावड़ी बालाजी मंदिर,श्री चारभुजानाथ मंदिर आदि शिवालयों एवं देवालयों पर पहुंचकर भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा शक्तिपति शिवजी का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक करने सहित फूल, माला,अगरबत्ती,कंकू,चावल,लच्छा,इत्र,जानू,बेलपत्र, धतूरा,सुपारी,भांग,शहद,अबीर गुलाल इत्यादि पूजन सामग्री अर्पित कर आशीष लिया गया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका कपासन क्षेत्र में स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर सहित समस्त शिवालयों एवं देवालयों पर शिवजी की आराधना एवं उपासना को समर्पित पवित्र महापर्व महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सांयकाल शक्तिपति शिवजी को आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार करने के उपरांत खीर,साबूदाने की खिचड़ी इत्यादि प्रकार के महाप्रसाद का शिवजी को भोग धराकर सैकड़ों भक्तों एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में कई भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा व्रत एवं उपवास को विधिवत शिवशंभू भोलेनाथ की पूजा-अर्चना एवं आराधना पूर्ण कर शक्तिपति शिवजी से आशीष लिया गया।यहां कपासन क्षेत्र के शिवालयों एवं देवालयों को आकर्षक व रंगबिरंगी विद्युत सज्जा सहित पुष्प व मालाओं से मनमोहक साज-सजावट कर सजाया गया।

## सेवा संग मनाई वैवाहिक वर्षगांठ, महावीर इंटरनेशनल रॉयल ने कराया मिष्ठान युक्त भोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर महावीर इंटरनेशनल रॉयल के अध्यक्ष वीर अशोक पालडेचा के नेतृत्व में तालाब की पाल स्थित सुभाष उद्यान के महावीर अन्न क्षेत्र में जरूरतमंद एवं गरीब व्यक्तियों को मिष्ठान युक्त भोजन कराया गया। सेवा कार्य का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग तक स्नेह और सहयोग पहुँचाना रहा।



यह सेवा कार्यक्रम वीर रवि बोहरा की प्रेरणा से लाभार्थी मैना देवी व दुलराज जी रूणिवाल के सहयोग से आयोजित हुआ। इस अवसर पर वीर रवि बोहरा एवं वीरा संध्या बोहरा ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ भी सादगी और सेवा भाव के साथ मनाई। उपस्थित सदस्यों ने दंपति को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।कार्यक्रम में वीर अभिषेक नाहटा, वीर पंकज सखलेचा, वीर महावीर नाहर, वीर नरेंद्र सुराणा, वीर नवीन खटोड़, वीर प्रदीप सांड, वीरा कांता पालडेचा, वीरा दीपशिखा सखलेचा, वीरा प्रियंका खटोड़, वीरा रेनू सांड, शिल्पी जैन, रेनू भंडारी, मेहुल बोहरा, माही बोहरा, लब्धी खटोड़ व दर्शिल सांड सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई कार्यक्रम के अंत में बोहरा परिवार की ओर से सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। संस्था सचिव वीर अभिषेक नाहटा ने सभी आगंतुकों व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## सीपुरा में शिव पंचायत की हुई स्थापना,निकाली भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** उपखंड क्षेत्र के गांव सीपुरा में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव पंचायत की स्थापना को लेकर हरभांवता आश्रम के संत महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया। शिव पंचायत की स्थापना को लेकर धार्मिक उत्साह व श्रद्धा के माहौल में पूरा गांव शिवमय हो गया। कलश यात्रा बालाजी मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होती हुई नव निर्मित शिव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने जमकर हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान



जेसीबी मशीन से कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से शिव पंचायत की स्थापना की गई। आचार्यों द्वारा मंत्रोचारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान में हवन कुंड में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर देवनारायण चेची, हीरालाल मेंबर, शिवजीलाल सरपंच, गजराज सिंह, कल्याण सिंह, श्रवणलाल पटेल, कंवरपाल, हरि नारायण, रूप सिंह, शैतान सिंह, भंवर सिंह, रामफूल डीलर, लाखाराम, प्रभु, प्रधान यजमान गिरिराज, नाथू, ब्रजमोहन, बुधराम डीलर, सुखदेव घोड़ला, हंसराज कोठारी, फेलीराम मीणा, कन्हैयालाल, मदनलाल,लक्ष्मीनारायण पटेल, भोलूराम, हनुमान सिंह अध्यापक, बद्रीनारायण, हरलाल चेची, प्रहलाद कुरावदा, बद्री लुनेरा, दयाराम मीणा सीपुरा, रामावतार, देवा पटेल व छाजू पटेल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## अवैध धूम्रपान सामग्री की बिक्री जोरों पर, मनमाने दाम वसूल रहे बड़े दुकानदार

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निंबाहेड़ा में इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी विभागीय अनुमति के बीड़ी,सिगरेट और गुटखा जैसे धूम्रपान उत्पादों की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। हैरानी करने वाली बात यह है कि शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गली मोहल्ला तक में जगह-जगह यह प्रतिबंधित उत्पाद बिक रहे हैं लेकिन संबंधित विभाग मौन सादे बैठा है ।स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि दुकानदार न केवल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि इन उत्पादों पर अंकित मूल्य से कहीं अधिक दाम वसूल रहे हैं । कई दुकानदार इस प्रतिशत अमानत प्रतिशत राशि या शॉर्टेज का हवाला देकर काला बाज़ारी करके ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल रहे हैं।

मनमाने दामों की इस वसूली से आम जन मे भारी रोष है लोगों का आरोप है की प्रिंट रेट से अधिक दाम वसूल रहे है ।बड़े दुकानदारों ने काला बाज़ारी करना चालू कर दी है जबकि नया माल बाजार मे आया ही नहीं पुराना माल के प्रिंट रेट से कही अधिक राशि वसूल रहे है जिससे मुनाफाखोरी पनप रही है । कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थान और बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर कड़े प्रतिबंध है।

## हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद की मौजूदगी में छात्रावास में बैठक आयोजित हुई। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 1 मई 2026 पीपल पूर्णिमा को सामुहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा। जिसको लेकर बैठक में 11 जोड़े संभावित





हुए। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा ने कहा कि विवाह सम्मेलन से धन व समय की बचत होती है। उन्होंने लोगों को विवाह सम्मेलन में अपने बच्चों का विवाह करवाने का आह्वान किया। बैठक में समाज के भामाशाहों ने चांदी के गहने, बर्तन व अन्य सामानों की राशि देने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया ने सम्मेलन हेतु वर वधू के जोड़ों का सहयोग करके विवाह सम्मेलन में बढ़ चढ$कर योगदान करने का आह्वान किया।। उन्होंने बताया कि विवाह सम्मेलन को लेकर 8 मार्च को बैठक आयोजित होगी। बैठक में जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा टोंक तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, छात्रावास समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा, तहसील अध्यक्ष गोपीलाल बोहरा, पूर्व तहसील अध्यक्ष प्रहलाद सरसिण्या, रामपाल सिंगवाडिया, कालूराम सरसिण्या, मुकेश नारनोलिया, एडवोकेट सुरेश महाराजपुरा, केदार नारायण, हनुमान, रामावतार बांसड़ा, गिरिराज हरसौरा, शंभू चौधरी, शंकर वेद व सूरज सरसिण्या सहित जिला व तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी व समाज बंधु मौजूद थे।

**19 फरवरी से हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में होगा आठ दिवसीय आयोजन**

# एसपी सहित पुलिस अधिकारियों ने लिया सनातन मंगल महोत्सव की सुरक्षा तैयारियों का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में 19 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह को लेकर पुलिस एवं प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन तथा विशिष्ट अतिथियों (वीआईपी) की संभावित उपस्थिति को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने रविवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



एसपी यादव ने हरिशेवा उदासीन आश्रम परिसर, अग्रवाल उत्सव भवन, कथा स्थल, यज्ञशाला, हरिशेवा धर्मशाला एवं पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ यातायात संचालन एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज एवं आयोजन समिति के प्रशासनिक व्यवस्था प्रभारी रविन्द्र जाजू ने पुलिस अधिकारियों को आयोजन से जुड़ी तैयारियों की जानकारी दी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एसपी सहित सभी अधिकारियों ने आश्रम स्थित हरि सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन, सीओ सिटी सज्जन सिंह, सीओ यातायात मनीष कुमार, भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी, यातायात थाना प्रभारी बाबुलाल टेपन सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर संत मायाराम, संत गोविन्दराम, ब्रह्मचारी इन्द्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ, पंडित सत्यनारायण शर्मा सहित विभिन्न समितियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव का शुभारंभ 19 फरवरी को प्रातः 9 बजे श्रीमद् भागवत महापुराण कलश यात्रा से होगा। यह यात्रा पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर आश्रम परिसर तक पहुंचेगी। 19 से 25 फरवरी तक श्रीधाम वृन्दावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से वैदिक अग्नि अनुष्ठान पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, 108 भागवत मूल पाठ एवं शतचंडी पाठ का आयोजन होगा। साथ ही अखंड श्रीमद् भगवद्गीता पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, श्रीचंद सिद्धांत सागर पाठ एवं अखंड रामनाम संकीर्तन निरंतर जारी रहेगा। काशी के यज्ञाचार्य कामेश्वरनाथ तिवारी के सानिध्य में यज्ञ संपादन एवं चारों वेदों का पारायण भी किया जाएगा।

# भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर-राफेल

## एफ-5 होगा नाम, अभी वायुसेना के पास एफ-3; 2030 के बाद होगी डिलीवरी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपए में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रॉ की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी। इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसॉ एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है। अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है। लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है।

यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे। फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे।

### एफ-35 और सुखोई-57 से बेहतर होंगे सुपर राफेल

वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुपर राफेल अमेरिका के एफ-35 और रूस के सुखोई-57 से अगली पीढ़ी का फाइटर होगा। इस सौदे के तहत 88 राफेल सिंगल सीटर और 26 डबल सीटर होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण और लड़ाकू दोनों भूमिका में इस्तेमाल किया जा सकेगा।

दसॉ एविएशन से 18 विमान उड़ने के लिए तैयार स्थिति में मिलेंगे। बाकी 96 भारत में बनेंगे। इनके 60% कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। भारत का यह सबसे बड़ा रक्षा सौदा है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नेवी के लिए 6 अमेरिकी बोइंग पी8-1 सर्विलांस एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3 .60 लाख करोड़ रुपए है।

# राजस्थान में निकली शिव बारात,घोड़े पर सवार हुए भोलेनाथ

## 108 ऑटो रिक्शा से निकाली गई शोभायात्रा; 525 शिवलिंग पर एकसाथ जलाभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवभक्त झूमते-गाते बाबा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। जयपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, अलवर सहित सभी शहरों में भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में विशेष सजावट की गई।

भक्त दूध, घी, शहद से अभिषेक किया। शाम को सीकर के कल्याण धाम से शिव बारात निकाली गई। भगवान शिव एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए घोड़े पर सवार थे।

जयपुर के ताड़केश्वर मंदिर में रविवार सुबह 3 बजे हुई भस्म आरती और महाभिषेक के बाद भक्तों के लिए कपाट खोले गए। उदयपुर में एकलिंगनाथजी के दर्शन के लिए भक्त डीजे की धुन पर शिव आराधना करते हुए पहुंचे। कोटा के शिवपुरी धाम में 525 शिवलिंग के दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की लाइन लगी है। झालावाड़ जिले के बकानी कस्बे में स्थित थाकाजी मंदिर के पास मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। इससे 12 श्रद्धालु घायल हो गए।

कोटा शहर के अमलेश्वर मंदिर के कपाट भी आज खुले हैं। करीब 100 साल पुराने इस मंदिर में केवल महाशिवरात्रि पर पूजा होती है। वहीं, अलवर के प्रमुख त्रिपोलेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव आज दूल्हे के रूप में हैं। जालोर में निकाली गई शोभायात्रा में शिवगणों ने पूरे उत्साह से तांडव किया।

# बीएलए का दावा- 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया

## 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में; अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** बलूच लिबरेशन आर्मी ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है। इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है।

### पाक सैनिकों को बलूच अदालत में पेश किया

बीएलए ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं। बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया। यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए।

बीएलए ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया।

बीएलए ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए।

### बलूच आर्मी का ऑपरेशन हेरोफ क्या है

बीएलए ने 25-26 अगस्त 2024 की रात ब बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया।

ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है।

बीएलए के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे।

इस हमले में बीएलए के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे।

बीएलए का दावा है कि इस ऑपरेशन 800 लड़ाके शामिल थे और 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।



**बलूचिस्तान की आजादी के लिए लड़ रहा है बीएलए**-बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है।

बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं। यह संगठन पाकिस्तानी सेना, सरकार और चीनी प्रोजेक्ट्स जैसे ष्टक्क्ष्वष्ट को निशाना बनाता रहा है।

बीएलए अपनी गुरिल्ला शैली के लिए जाना जाता है। यानी पहाड़ी इलाकों में छिपकर सेना पर हमला करना और तुरंत वापस लौट जाना।

# मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने किया जयपुर मेट्रो निरीक्षण

## सुरक्षा-तकनीक को समझा, फेज-1डी प्रगति देखी; फेज-2 स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद जताई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को जयपुर मेट्रो का निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था और अत्याधुनिक तकनीक की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों के साथ फेज-1डी के निर्माण कार्य, कंट्रोल सिस्टम और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। वी. श्रीनिवास ने कहा- राज्य सरकार को जयपुर मेट्रो फेज-2 की स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद है, जिससे शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और मजबूत होगी। मुख्य सचिव ने फेज-1डी के तहत मानसरोवर, जयपुर से 200 फीट बाईपास, अजमेर रोड चौराहा तक चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक तकनीक के उपयोग को समझा और नई तकनीक की तारीफ की। इस दौरान मेट्रो अधिकारियों ने उन्हें परियोजना की तकनीकी और विशेषताओं की जानकारी दी।

**कंट्रोल सेंटर में समझी सुरक्षा और मॉनिटरिंग व्यवस्था**-इसके बाद मुख्य सचिव मानसरोवर डिपो स्थित ऑपरेशन



कंट्रोल सेंटर और सिक्योरिटी कंट्रोल सेंटर पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने मेट्रो संचालन, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और सुरक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली को समझा।

### मेट्रो में किया सफर

मुख्य सचिव ने मानसरोवर से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो में यात्रा कर परिचालन व्यवस्था का अनुभव लिया। वहीं छोटी चौपड़ स्टेशन स्थित कला दीर्घा में प्रदर्शित मूर्तिकला, रागमाला चित्रावली, ऐतिहासिक कुंड और अन्य पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण की मुख्य सचिव ने तारीफ की। उन्होंने स्टेशन कंट्रोल रूम, यात्री सुविधाओं, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

### टनल सुरक्षा का भी किया निरीक्षण

मुख्य सचिव ने जयपुर मेट्रो के टनल का निरीक्षण भी किया। जहां उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों के लिए बनाए गए क्रॉस-पैसेज और उनकी तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली। इस दौरान मेट्रो के निदेशक महेश कुमार भुराडिया, ओम प्रकाश, सुनील ढाका, पुलिस उपायुक्त सुशील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विरासत के साथ आधुनिक विकास का उदाहरण

इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा- जयपुर मेट्रो का निर्माण गुलाबी नगरी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक तकनीक के साथ किया गया है। राज्य सरकार का भारत सरकार के साथ संवाद जारी है। हमें जयपुर मेट्रो फेज-2 की स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद है।

# पीएम मोदी आज एआई इम्पेक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है।

यह एक्सपो 16 से 20 फरवरी तक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ एक ही स्थान पर आयोजित किया जाएगा। 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरिना में यह आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियां, स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थान, शोध संस्थान, केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारें और अंतरराष्ट्रीय साझेदार भाग लेंगे। इस आयोजन में 13 देशों के पवेलियन भी होंगे, जो एआई इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को दर्शाएंगे। इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीकी देश शामिल हैं। एक्सपो में 300 से अधिक विशेष प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव डेमोंस्ट्रेशन होंगे।

यह आयोजन तीन थीम - पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस - पर आधारित होगा। इसके अलावा 600 से अधिक संभावनाशील स्टार्टअप इसमें भाग लेंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर और बड़ी आबादी के लिए समाधान विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप अपने ऐसे समाधान पेश करेंगे जो पहले से वास्तविक दुनिया में उपयोग में हैं।

# सदन चलाने विपक्ष के नेता का मैच्योर होना जरूरी : रिजिजू

## सुषमा स्वराज का वीडियो शेयर किया; राहुल गांधी की स्पीच से संसद में हंगामा हुआ था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्वीटर पर स्वर्गीय बीजेपी नेता सुषमा स्वराज का पुराना वीडियों शेयर किया। उन्होंने लिखा कि एक मैच्योर विपक्ष का नेता सदन को आसानी से चलाने और पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी को बेहतर बनाने में बहुत काम आता है। रिजिजू का यह बयान बजट सत्र के पहले चरण में हुए हंगामे के बाद आया। राहुल गांधी ने चीनी टैंक की लद्दाख में घुसपैठ और पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब पर बयान देने की कोशिश की थी। उन्होंने एपस्टीन फाइल्स और इंडिया- यूएस ट्रेड डील जैसे मुद्दों को संसद में उठाने का प्रयास किया था, जिन्हें बीजेपी ने बेबुनियाद बताया था। इसके बाद स्पीकर ने उन्हें रोका। जिसके



बाद विपक्षी सांसदों सदन में हंगामा कर दिया था और सदन की कार्यवाही को बाधित किया था।

किरेन रिजिजू ने सुषमा स्वराज की 2014 की लोकसभा में दी गई स्पीच शेयर की, जिसमें वो कहती हैं कि- भारतीय लोकतंत्र के मूल में एक भाव है। वो भाव ये है कि हम एक दूसरे के विरोधी है मगर शत्रु नहीं, हम विरोध विचारधाराओं, नीतियों और कार्यक्रम का करते है। हम जो आलोचना करते हैं वो प्रखर आलोचना हैं। लेकिन प्रखर आलोचना भी भारतीय लोकतंत्र में एक दूसरे के व्यक्तिगत संबंधों में आड़े नहीं आती है।

# जो बेईमानी करना जाने, वो राजनेता है, वो मैं नहीं हूं; मुझे चक्रव्यूह से निकलना जनता सिखाती है : किरोड़ी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने राजनीति का मतलब बताते हुए कहा कि बेईमानी करना जाने, वो राजनेता है। पापी, मन से बेईमान, वो मैं नहीं हूं। किरोड़ी ने कहा- अभिमन्यु चक्रव्यूह में घुस तो गया, लेकिन निकलना नहीं सीखा। मैं चक्रव्यूह में घुस तो जाता हूं टिकट लेकर। लेकिन निकलने की विद्या जनता जर्नादन सिखाती है। ऐसे-ऐसे षड्यंत्र हुए हैं कि मैं सफल नहीं हो सकता था।

उन्होंने कहा- मैं एमएलए, मंत्री बनने का कभी घमंड नहीं पालता। अहंकार से दूर रहता हूं। कभी-कभी गुस्सा आ जाता है तो डांट देता हूं।

डॉ. किरोड़ी रविवार को सवाई माधोपुर के इटावा गांव में हुए पद दंगल समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा- मैं आरक्षण का बाल भी बांका नहीं होने दूंगा।

### ग्रामीणों ने हाथी पर बैठाया तो कहा- यह अच्छा संकेत

समारोह से पहले ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। डॉ. किरोड़ी को हाथी पर बैठाया और करीब एक किलोमीटर दूर पद दंगल आयोजन स्थल तक लेकर आए। इस दौरान जेसीबी से फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया। डॉ. किरोड़ी ने कहा कि हाथी पर चढ़ गया हूं। अब हाथी पर चढ़ने का संकेत तो अच्छा ही होता है। हालांकि मुझे डर था कि कहीं हाथी पागल नहीं हो जाए। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम से पहले कृषि मंत्री ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। उन्होंने कहा- सवाई माधोपुर में 150 करोड़ रुपए की लागत से अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी।




वहीं, 220 करोड़ रुपए की लागत से लटिया नाले का विकास कराया जाएगा। उन्होंने बजट को राजस्थान के चहुंमुखी विकास का बजट बताया। उन्होंने कहा- सवाई माधोपुर के जडावता गांव को 75 करोड़ रुपए का राहत पैकेज मिला है। इससे बनास नदी पर प्रोटेक्शन वॉल तैयार करने का प्रावधान किया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।